वर्ष : 13 | अंक : 93 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक | शनिवार, 08 नवम्बर 2025 | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष तृतीया संवत् - 2082
भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO.RAJHIN /2013/52026
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ




# देशभक्ति का मतलब केवल नारे लगाना नहीं : सीएम भजनलाल

## सोशल मीडिया में विदेशी संस्कृति हावी; जयपुर के लोगों ने एक साथ गाया वंदे मातरम्

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** वंदे मातरम् गीत के 150 साल पूरे होने पर शुक्रवार को सुबह जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- देशभक्ति का मतलब केवल नारे लगाना नहीं हैं। अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना और अपने देश को आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में जहां सोशल मीडिया में विदेशी संस्कृति हावी हो रही है। वहां हमें अपनी जड़ों से जुड़ा रहना होगा।

सीएम भजनलाल शर्मा जयपुर के सवाई मान स्टेडियम में वंदेमातरम गीत के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वंदेमातरम मात्र एक गीत नहीं है, यह हमारी चेतना है। यह गीत आज भी प्रासंगिक है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं को राष्ट्रभक्ति के मूल भावों से जोड़ना है।

### राष्ट्रभक्ति में राजनीति नहीं होनी चाहिए

बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा- आज प्रत्येक व्यक्ति में राष्ट्रभक्ति का जज्बा पैदा करना जरूरी है। इसके लिए सरकार ने यह कार्यक्रम किया है। जिसमें हम सब बढ़चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रभक्ति सब में होनी चाहिए। इसमें राजनीति नहीं राष्ट्रनीति होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज बड़ी संख्या में आमजन कार्यक्रम में शामिल हुआ है, यह बहुत खुशी की बात है। मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा- घर में बच्चों और युवाओं को दिशा देना बड़ों का काम होता है। एक रूप में एक बड़ा परिवार हमारा राष्ट्र है और इस मां भारती को नमन वंदे मातरम् से शुरू हुआ। यह जो भाव रहेगा, इसी से एक भारत, श्रेष्ठ भारत और आत्मनिर्भर भारत रहेगा। यह जो आत्म का भाव है, वो बहुत जरूरी है।

## 1 करोड़ 9 लाख से ज्यादा बच्चों ने एक साथ गाया वंदे मातरम

राजस्थान ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। शिक्षा विभाग की पहल पर प्रदेशभर के सरकारी और निजी स्कूलों में आज राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन हुआ। शिक्षा विभाग को प्रदेशभर से अब तक प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक 1 करोड़ 9 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं ने एक साथ यह गीत गाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि यह राजस्थान के लिए गर्व का क्षण है। आज हमारे विद्यार्थियों ने न केवल विश्व कीर्तिमान स्थापित किया, बल्कि देशभक्ति की भावना को भी नई ऊंचाई दी। उन्होंने बताया कि अभी तक लगभग 40 हजार स्कूलों का आंकड़ा आना बाकी है। ऐसे में अनुमान है कि अंतिम संख्या डेढ़ करोड़ प्रतिभागियों के करीब पहुंच सकती है। बता दें कि यह राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के मौके पर प्रदेश के सभी जिलों में सुबह एक ही समय पर वन्दे मातरम का गायन हुआ था। इस दौरान काफी स्थानों पर छात्र-छात्राओं ने तिरंगे और पारंपरिक वेशभूषा के साथ भाग लिया था।







# 1937 में वंदे मातरम् के टुकड़े हुए : पीएम मोदी

## इस गीत का एक हिस्सा हटा दिया गया, इसी विभाजन ने बंटवारे का बीज बोया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- वंदे मातरम् भारत की आजादी का उद्घोष था। यह हर दौर में प्रासंगिक है। 1937 में वंदे मातरम् का एक हिस्सा हटा दिया गया था। उसके टुकड़े कर दिए थे। वंदे मातरम् के इस विभाजन ने देश के विभाजन के बीज बोए थे। राष्ट्र निर्माण के इस महामंत्र के साथ ये अन्याय क्यों हुआ? वही विभाजनकारी सोच आज भी देश के लिए चुनौती बनी हुई है। प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने के मौके पर नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा-वंदे मातरम् के मूल रूप में लिखा है कि भारत माता सरस्वती, लक्ष्मी और दुर्गा हैं। जब दुश्मन ने आतंक के लिए जरिए भारत की सुरक्षा और सम्मान पर हमला करने का दुस्साहस किया, तो पूरी दुनिया ने देखा, नया भारत आतंक के विनाश के लिए दुर्गा भी बनना जानता है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्र गीत के 150 साल पूरे होने के मौके पर एक डाक टिकट और सिक्का जारी किया। उन्होंने साल भर चलने वाले स्मरण समारोह का उद्घाटन किया और एक वेबसाइट भी लॉन्च की। पीएम ने वंदे मातरम् के सामूहिक गायन कार्यक्रम में भी भाग लिया।

### पीएम की स्पीच की अहम बातें-

**प्रधानमंत्री ने कहा**- रवींद्रनाथ टैगोर ने एक बार कहा था कि बंकिमचंद्र का आनंदमठ सिर्फ एक उपन्यास नहीं है। यह स्वतंत्र भारत का एक सपना है। बंकिम बाबू के लिखे हर शब्द का गहरा मतलब है। इस गीत की रचना गुलामी के दौर में हुई थी, लेकिन यह सिर्फ उसी समय तक सीमित नहीं है। वंदे मातरम् हर युग में प्रासंगिक है।


**पीएम ने कहा**- जब 1875 में बंकिम चंद्र ने बंगदर्शन में वंदे मातरम् प्रकाशित किया, तो कुछ लोगों ने सोचा कि यह सिर्फ एक गीत है। हालांकि, धीरे-धीरे, वंदे मातरम् भारत के स्वतंत्रता संग्राम के लाखों लोगों की आवाज बना। एक ऐसी आवाज, जिसने हर भारतीय की भावनाओं की प्रतिध्वनि किया।

**मोदी ने कहा**- आज जब हम अपने राष्ट्रीय गीत के 150 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, यह हमारे देश के महान नायकों के प्रति श्रद्धांजलि है। उन लाखों शहीदों को नमन है, जिन्होंने फांसी पर चढ़ते हुए वंदे मातरम् का नारा लगाया, जिन्होंने वंदे मातरम् जपते हुए कोड़ों की मार झेली।

**मोदी ने कहा**- वंदे मातरम् एक शब्द, एक मंत्र, एक ऊर्जा, एक संकल्प है। वंदे मातरम् हमें इतिहास में ले जाता है। ये हमारे भविष्य को नया हौसला देता है कि ऐसा कोई संकल्प नहीं जिसकी सिद्धी न हो सके, ऐसा कोई लक्ष्य नहीं जो हम भारतवासी पा न सकें।

### देश में एक साल तक चलेगा कार्यक्रम

वंदे मातरम् का 150वीं एनिवर्सरी इवेंट 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक पूरे देश में चलेगा। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में मुख्य कार्यक्रम के अलावा सुबह करीब 10 बजे देशभर के सार्वजनिक स्थानों पर लोगों ने वंदे मातरम् गीत का सामूहिक गायन किया। भारत के राष्ट्रगीत वंदे मातरम् को बंकिम चंद्र चटर्जी ने 7 नवंबर 1875 को अक्षय नवमी के पावन अवसर पर लिखा था। यह पहली बार उनकी पत्रिका बंगदर्शन में उनके उपन्यास आनंदमठ के हिस्से के रूप में छपा था।





## सम्पादकीय

# सार्वजनिक स्थानों से आवारा कुत्तों को हटाने का निर्देश, क्या अब जागेंगे स्थानीय निकाय?

यह स्वागत योग्य तो है कि सुप्रीम कोर्ट ने स्कूलों, अस्पतालों, हाईवे, रेलवे स्टेशनों और अन्य सार्वजनिक स्थानों से आवारा कुत्तों को हटाने का निर्देश पारित कर दिया, लेकिन बात तब बनेगी, जब ऐसा वास्तव में हो सके। चूंकि शीर्ष कोर्ट ने आवारा कुत्तों के साथ बेसहारा पशुओं को भी सार्वजनिक स्थलों से हटाने का निर्देश दिया है, इसलिए यह सहज ही समझा जा सकता है कि स्थानीय निकायों की चुनौती बढ़ गई है। अभी उनके पास इतने संसाधन ही नहीं हैं कि वे यह काम कर सकें। संसाधनों के अभाव के साथ ही उनके पास इच्छाशक्ति भी नहीं है। इसका प्रमाण यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने यह पाया था कि इसी संदर्भ में उसके पहले के आदेश पर अधिकतर राज्यों ने अपना जवाब ही दाखिल नहीं किया। इसी कारण उसे राज्यों के मुख्य सचिवों को तलब करना पड़ा। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों और बेसहारा पशुओं को हटाने के साथ ही उनका टीकाकरण, बंध्याकरण करने और उनके लिए विशेष बाड़े एवं आश्रयस्थल बनाने का भी आदेश दिया है। यह सब होना ही चाहिए, लेकिन तथ्य यह है कि देश के कई प्रमुख शहरों में भी आवारा कुत्तों और बेसहारा पशुओं के लिए आश्रयस्थल नहीं हैं। स्पष्ट है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर अमल होना एक टेढ़ी खीर है। यह ठीक है कि उसने आठ सप्ताह बाद अपने आदेश के अमल की स्थिति पर रिपोर्ट मांगी है, लेकिन आशंका यही है कि आवारा कुत्तों और बेसहारा पशुओं को हटाने के उसके आदेश का पालन करने के नाम पर दिखावटी कार्रवाई हो सकती है। यदि ऐसा होता है तो समस्या जस की तस रहने वाली है। अच्छा हो कि सुप्रीम कोर्ट इस पर निगाह रखे कि उसके आदेश पर सही तरह अमल हो रहा है या नहीं? यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि उसके ऐसे कई आदेशों पर अब तक अमल नहीं हो सका है। इनमें से एक यातायात में बाधक धार्मिक स्थलों को हटाने का आदेश है। आवारा कुत्तों और बेसहारा पशुओं को सार्वजनिक स्थलों से हटाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सही तरह अमल तब तक संभव नहीं, जब तक राज्य सरकारें गंभीरता का परिचय नहीं देतीं। सुप्रीम कोर्ट आवारा कुत्तों की समस्या पर कितनी भी सख्ती का परिचय दे, राज्यों का रवैया यही बताता है कि उनकी नजर में यह कोई बड़ी समस्या नहीं। उनका यही रवैया बेसहारा पशुओं को लेकर भी है। राज्य सरकारों का ऐसा ढुलमुल रवैया तब है, जब आवारा कुत्ते और बेसहारा पशु दुर्घटनाओं का कारण बनते रहते हैं। उचित यह होगा कि राज्य सरकारें यह समझें कि यदि नगर निकाय अपने



हिस्से की जिम्मेदारियों का निर्वाह करने के लिए सक्रिय नहीं होते तो शहरी जीवन की समस्याएं बढ़ती ही जानी हैं। यही सही समय है कि वे स्थानीय निकायों को सक्षम बनाने के साथ ही उन्हें जवाबदेह भी बनाएं।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 8 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1945 - हांगकांग में नौका दुर्घटना में 1550 लोगों की मौत हुई।
- 1956 - संयुक्त राष्ट्र(संरा) ने तत्कालीन सोवियत संघ से यूरोपीय देश हंगरी से हटने की अपील की।
- 1957 - ब्रिटेन ने क्रिसमस द्वीप समूह के समीप परमाणु परीक्षण किया।
- 1967 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- 1988 - चीन में विनाशकारी भूकंप से 900 लोगों की मौत हुई।
- 1992 - जर्मनी की राजधानी बर्लिन में नस्लवाद के खिलाफ हुए प्रदर्शन में तीन लाख लोगों ने हिस्सा लिया।
- 1998 - बांग्लादेश में देश के प्रथम प्रधानमंत्री शेख़मुजीबुर्रहमान की हत्या में 15 लोगों को मृत्युदंड।
- 1999 - राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर ने एक दिवसीय क्रिकेट मैच में 331 रन की साझेदारी कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया।
- 2000 - बिल क्लिंटन की पत्नी हिलेरी क्लिंटन ने न्यूयार्क सीट पर जीत दर्ज कर इतिहास रचा।
- 2001 - अफग़ानिस्तान पर पुन: ज़बर्दस्त बमबारी।
- 2002 - अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा सम्मेलन की दो दिवसीय बैठक मनीला में प्रारम्भ।
- 2004 - हेग में सामाजिक भागीदारी बढ़ाने पर भारत व यूरोपीय संघ सहमत।
- 2005 - भारत ने फ़िलिस्तीनि संगठनों की आतंकवादी कार्रवाई और इस्रायल की दमन की आलोचना की।
- 2008- भारत का पहला मानव रहित अंतरिक्ष मिशन चन्द्रयान-1 चन्द्रमा की कक्षा में पहुँचा।
- 2013 - फिलीपींस के हेनान प्रांत में विनाशकारी चक्रवाती तूफान से छह हजार लोगों की मौत।
- 2016- भारत सरकार ने बड़े नोटों को विमुद्रीकरण किया जिसमें 500 और 1000 रुपये के नोटों का अवैध घोषित किया।
- सोमालिया के मोगादिशू में कार बम धमाके में 11 लोगों की मौत।

## विशेष आलेख

# अंता विधानसभा उपचुनाव में विजय संकल्प यात्रा सम्मानित जनता का बीजेपी के प्रति ऐतिहासिक विश्वास



डॉ नयन प्रकाश गांधी



राजस्थान की राजनीति एक बार फिर इतिहास रचने को तैयार है। अंता विधानसभा उपचुनाव के अंतर्गत मांगरोल में आयोजित 'विजय संकल्प यात्रा' में उमड़ा अथाह जनसैलाब न केवल भाजपा के प्रति जबरदस्त समर्थन को दर्शाता है, बल्कि यह जनसंघर्ष और परिवर्तन के प्रति जनता की अप्रतिम आस्था को भी अभिव्यक्त करता है। इस आयोजन में जनता का आशीर्वाद पाकर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने क्षेत्र के समग्र विकास तथा विकसित अंता, विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने का आह्वान किया।जनता का यह अभूतपूर्व समर्थन स्वयं प्रमाण है कि राजस्थान में सुशासन, विकास और जन-कल्याण के एजेंडे को समाज का हर वर्ग मजबूती से स्वीकार कर रहा है। अंता विधानसभा के प्रत्येक बूथ पर सुशासन का कमल खिलने जा रहा है, यह विश्वास आज के जनसैलाब ने और मजबूत कर दिया है।

**नेतृत्व की शक्ति :राष्ट्रीय नेताओं की मौजूदगी :** इस अवसर पर भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया, राजस्थान के वर्तमान यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा जी एवं झालावाड़ से सांसद श्री दुष्यंत सिंह की उल्लेखनीय उपस्थिति ने यात्रा को ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान की। इन वरिष्ठ नेताओं ने जन-संघर्ष, सेवा तथा समर्पण की भावना से जनता का मार्गदर्शन किया, जिससे भाजपा का हर कार्यकर्ता और समर्थक उत्साहित नजर आया।

श्रीमती वसुंधरा राजे जी के नेतृत्व में राजस्थान ने जिस तीव्र गति से विकास के आयाम रचे, वो आज भी प्रदेशवासियों के मानस में अंकित हैं। वर्तमान मुख्यमंत्री भजनलाल सरकार जिस विजन से राजस्थान के विकास का रोड़मेप तैयार करने में दिन रात लगे है ,जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भ्रष्टाचार मुक्त ,जवाबदेही गुड गवर्नेंस के तंत्र को स्थापित करने में लगे है उससे अपार जन सैलाब ने दिखा दिया कि आखिर बीजेपी यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किस तरह आम जन मानस हेतु बेहतरीन कार्य कर रही है और इस उपचुनाव में यह युवा शक्ति ,महिला शक्ति और वरिष्ठजन महिलाओं पुरुषों की भीड़ बीजेपी के लिए सकारात्मक संदेश देता हुआ दिखाई दे रहा है । यही नहीं वर्तमान उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेम चंद बैरवा की सरलता, तेजस्विता और सेवा भावना राजनीतिक कार्यकर्ताओं के लिए अनुकरणीय हैं और कही न कही उपमुख्यमंत्री बनने के बाद उनकी स्पष्ट कार्यशैली एवं मिलनसार व्यक्तित्व से अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग भी मोरपाल सुमन के प्रचंड बहुमत के लिए आशान्वित होते हुए दिखाई देते है।

अंता विधानसभा का राजनीतिक परिप्रेक्ष्य अंता विधानसभा राजनीति के उस दौर से गुजर रही है, जहां जनता सेवा, पारदर्शिता और सुशासन को प्राथमिकता देने लगी है। वर्षों तक जनता ने न केवल नेतृत्व के उत्थान-पतन देखे, बल्कि क्षेत्रीय विकास की गति भी समय-समय पर प्रभावित होती रही। इस उपचुनाव में जनता का यह उल्लास और समर्थन संकेत देता है कि अब अंता विकास की नई संकल्पना के साथ आगे बढना चाहता है। 'विकसित अंता' के संकल्प को साकार करने के लिए भाजपा के विकास एवं सुशासन मॉडल को जनमानस स्वीकार करता हुआ दिखाई दे रहा है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के हर बूथ के प्रत्येक मतदाता में अब विकास की आकांक्षा और विश्वास पनप रहा है।

**मोरपाल सुमन - जमीनी नेतृत्व की पहचान :** इस चुनावी माहौल में अंता विधानसभा की जनता जिस नेता को अपना प्रतिनिधि मान रही है, वो हैं- मोरपाल सुमन। मोरपाल सुमन केवल एक राजनीतिक कार्यकर्ता ही नहीं, बल्कि जन-अस्मिता और जनता की आकांक्षाओं के संवाहक भी हैं। जमीनी स्तर पर कार्य करना, सामाजिक समस्याओं को समझना, समाधान के लिए भागीदारी निभाना और जनता के बीच निरंतर संवाद बनाए रखना उनकी प्रमुख विशेषताएं हैं,सबसे महत्वपूर्ण है क्षेत्रीय चेहरा जो एक जमीनी हकीकत से रूबरू है ,अगर ऐतिहासिक जीत होती है तो आगामी नए मंत्रिमंडल में भी लिया जा सकता है । समावेशी सोच- मोरपाल सुमन जाति-धर्म-भाषा से ऊपर उठकर सभी वर्गों की भलाई के लिए कार्य करते हैं। उनके विचारों में सादगी ,शालीनता एवं यशस्वी प्रधानमंत्री एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री के अनुरूप सबका साथ-सबका विकास की झलक स्पष्ट दिखती है। पारदर्शी और जवाबदेह नेतृत्वः अभी तक के बीजेपी पार्टी हेतु विभिन्न पदों पर उनकी सक्रियता ,जमीनी जुड़ाव सार्वजनिक मंचों से लेकर छोटे आयोजनों तक वे अपनी नीतियों और कार्यशैली को जनता के सवालों के सामने रखते हुए जवाबदेही निभाते हैं।

**विजय संकल्प यात्रा का प्रभाव -जनता की नई सोच :** 'विजय संकल्प यात्रा' अंता विधानसभा क्षेत्र में जन-प्रतिनिधित्व, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं भाजपा के 'सबका साथ, सबका विकास' की अवधारणा को जमीन पर उतार रही है। इस यात्रा के माध्यम से पार्टी नेताओं ने विकास और सुशासन का मॉडल प्रस्तुत किया है। जनता ने भी पूर्ण उत्साह व विश्वास के साथ भाजपा की नीतियों व संकल्पों को अंगीकार किया। हर वर्ग, खासकर युवाओं, महिलाओं, किसानों और व्यापारियों का समर्थन भाजपा को अभूतपूर्व मजबूती प्रदान कर रहा है। आम जनता के उत्साह ने यह निश्चित कर दिया है कि क्षेत्र में सुशासन और विकास का कमल हर बूथ पर खिलेगा।

# एस.आर.आई. अभियान : लोकतंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में जन-जागरूकता का संकल्प जरूरी



संजय खाबिया

*यह केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सबकी सामूहिक भागीदारी से ही सफल हो सकता है।*

लोकतंत्र का अर्थ केवल शासन प्रणाली नहीं है, बल्कि यह जनता की भागीदारी का सर्वोच्च प्रतीक है। भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में चुनाव न केवल सरकार बदलने का माध्यम हैं, बल्कि यह जनता की आवाज़ और अधिकार का उत्सव भी हैं। इसी दिशा में निर्वाचन विभाग द्वारा चलाया जा रहा एस.आर. आई. (स्पेशल रिवीजन ऑफ इलेक्टोरल रोल्स) अभियान हमारे लोकतंत्र की बुनियाद को और मजबूत करने का एक सार्थक प्रयास है। इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सही रूप से दर्ज हो, किसी का नाम छूटे नहीं, और गलत प्रविष्टियों को समय रहते सुधारा जा सके। यह केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सबकी सामूहिक भागीदारी से ही सफल हो सकता है।

**अभियान की आवश्यकता और उद्देश्य :** पिछले कुछ वर्षों में जनसंख्या वृद्धि, शहरीकरण और लोगों के स्थान परिवर्तन के कारण मतदाता सूची में त्रुटियों की संख्या बढ़ी है। ऐसे में बी.एल.ओ. और गणना स्वयंसेवक लगातार घर-घर जाकर मतदाताओं की मैपिंग कर रहे हैं, गणना प्रपत्र भरवा रहे हैं और पात्र नागरिकों को मतदान हेतु पंजीकृत कर रहे हैं। लेकिन यह देखा जा रहा है कि अनेक स्थानों पर आम नागरिक और राजनीतिक दलों के बूथ स्तर के कार्यकर्ता इस अभियान में अपेक्षित रुचि नहीं दिखा रहे हैं। कई बार उदासीनता या जानकारी के अभाव में मतदाता इस प्रक्रिया में सहयोग नहीं करते, जिससे चुनावी सूची अधूरी या त्रुटिपूर्ण रह जाती है।

**मतदाता की भूमिका -एक जिम्मेदार नागरिक का दायित्व :** मतदाता सूची में नाम होना नागरिक अधिकार है, लेकिन उसकी शुद्धता बनाए रखना हमारा कर्तव्य भी है। यदि हम स्वयं अपने नाम, पते और परिवार के सदस्यों की प्रविष्टि की जांच नहीं करेंगे, तो चुनावों की पारदर्शिता और निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है। इसलिए प्रत्येक मतदाता को चाहिए कि वह अपने वार्ड के बी.एल.ओ. और गणना कर्मियों को सहयोग करे, समय पर अपने दस्तावेज़ प्रस्तुत करे और फॉर्म-6, फॉर्म-7 या फॉर्म-8 जैसे आवश्यक प्रपत्रों को भरने में सक्रिय भागीदारी दिखाए। यह प्रक्रिया केवल व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के सशक्तिकरण के लिए है।

**राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी भी महत्वपूर्ण :** राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट्स इस अभियान के महत्वपूर्ण अंग हैं। उन्हें चाहिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करें, बी.एल.ओ. के साथ समन्वय बनाएं और यह सुनिश्चित करें कि कोई पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे। लोकतंत्र तभी सफल होगा जब राजनीतिक दल मतदाता जागरूकता को प्राथमिकता देंगे।

**संकल्प का समय : 'मेरा बूथ - मेरा गौरव' :** अब समय है कि हम सभी यह संकल्प लें मेरा बूथ, मेरा वार्ड, मेरा शहर, मेरा जिला और मेरा प्रदेश मतदाता जागरूकता में अग्रणी रहेगा। हर नागरिक को चाहिए कि वह अपने परिवारजनों और पड़ोसियों को भी इस कार्य में सहयोग करने के लिए प्रेरित करे। मतदाता सूची की शुद्धता हमारे देश की लोकतांत्रिक गरिमा से जुड़ी हुई है।

**जन-सहयोग से ही बनेगा सशक्त लोकतंत्र :** एस.आर. आई. अभियान केवल सरकारी पहल नहीं, बल्कि यह हमारे नागरिक कर्तव्य का स्मरण है। जब प्रत्येक मतदाता अपनी जिम्मेदारी समझेगा, तभी हमारा लोकतंत्र वास्तव में सशक्त और पारदर्शी बनेगा। आइए, हम सब मिलकर यह प्रण लें कि मैं जागरूक मतदाता हूँ, मैं अपने परिवार और समाज को भी जागरूक करूँगा। मैं अपने बूथ, वार्ड और जिले को मतदाता जागरूकता में अग्रणी बनाऊँगा। निश्चित रूप से, यदि समाज का हर वर्ग इस अभियान में सक्रियता दिखाएगा, तो हमारा राज्य और देश दोनों ही निर्वाचन व्यवस्था के आदर्श उदाहरण बनकर उभरेंगे। यही सच्चे लोकतंत्र की पहचान है जनता का शासन, जनता के लिए, जनता के द्वारा।

## लघुकथा

बढ़ता राजस्थान

**नाकारा सरकार :** दिल्ली में रेलवे स्टेशन पर भारी भगदड़! रेलवे के प्लेटफार्म फार्म पर छूटे हुए थैले, चप्पल, अटैचियाँ, बैग, रोते हुए लोग, अपनों को खोने के कारण अर्द्धविक्षिप्त अस्त-व्यस्त लोग! टीवी चैनलों, सोशल मीडिया पर दिल्ली में हुई रेलवे दुर्घटना बार-बार दिखाई जा रही थी। भय से बार-बार किरण का मन उछलकर हाथ में आ रहा था। कल ही तो वे सब भी पहुँचे थे दिल्ली! उसका पति रोहित अपने और उसके माता-पिता को लेकर कुंभ- स्नान के लिए दिल्ली से ट्रेन द्वारा इलाहाबाद जानेवाला था। ...और एकाएक यह दुर्घटना? किसे फोन करे? कोई भी मोबाइल नहीं उठा रहा। वह स्वयं इस छोटे से शहर में एक पुलिस इंस्पेक्टर है। बच्चियों की परीक्षा के कारण वह रुक गई थी। उसे पता है कि भीड़ भेड़ों की तरह होती है। बिना विवेक एक ही दिशा में। उसकी आँखे पनीली हो गई हैं, लोगों का दुख उसे विचलित कर रहा है। तकनीकी की दुनिया में दो दिन बिना किसी समाचार के? फ़ोन की भीषण चुप्पी उसे किसी अनिष्ट की आहट दे रही थी। ऐसा तो नहीं है रोहित, किसी से फ़ोन लेकर ही बात करवा देता! टीवी में समाचारों से उसका दिल दहल रहा था। सरकार पर निरंतर आरोप लगाए जा रहे थे। विपक्ष के नेता टीवी पर आलोचना करने में एकदम आगे! संवेदना इनसे कोसों दूर थी। इनका परिवार सुरक्षित था, है, और रहेगा। बहती गंगा में हाथ धोने को सारे धूर्त नेता ऐसी-ऐसी टिप्पणियाँ दे रहे थे--मानो यह दुर्घटना कोई न भूतो न भविष्यत हो। ये कब दोष देना छोड़ेंगे एकदूसरे को? बजाय भाषणबाज़ी के स्वयं कुछ क्यों नहीं करते! टीवी पर से हटते ही जश्न मनाते हैं। अक्सर आम आदमी पर ही कहर क्यों टूटता है? भीड़ का मनोविज्ञान! उसे राजनीति शास्त्र में पढ़ी लोकतंत्र की परिभाषा याद आने लगी। जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा शासन।

यदि जनता का, जनता के लिए, जनता के द्वारा शासन है, तो क्या स्वयं की सुरक्षा जनता की ज़िम्मेदारी नहीं? आग दिख रही है तो पतंगा क्यों बन रहे हैं। कुछ तो बस टीवी फुटेज में बिना बात सिर घुसा लेते हैं।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# सर्दियों में यूरिक एसिड के मरीज भूलकर भी न खाएं ये सब्जियां, बढ़ सकती है जोड़ों में दर्द और सूजन की समस्या

सर्दियों के मौसम में कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। खासतौर पर, यूरिक एसिड के मरीजों के लिए सर्दियों का मौसम काफी परेशानी भरा होता है। दरअसल, सर्दियों में ठंडी हवा के कारण जोड़ों में दर्द और सूजन की समस्या काफी बढ़ जाती है। अगर आप यूरिक एसिड के मरीज हैं, तो आपको सर्दियों के मौसम में कुछ सब्जियों का सेवन करने से परहेज करना चाहिए। जी हां, इस मौसम में मिलने वाली कुछ सब्जियां यूरिक एसिड के स्तर को काफी बढ़ सकती हैं।



**पालक :** सर्दियों के मौसम में यूरिक एसिड के मरीजों को पालक का सेवन करने से परहेज करना चाहिए। दरअसल, इसमें प्यूरिन अधिक मात्रा में होता है, जो यूरिक एसिड के स्तर को बढ़ा सकता है। इसके कारण जोड़ों में दर्द और सूजन की समस्या बढ़ सकती है। इसके अलावा, पालक में ऑक्सलेट की मात्रा भी अधिक होती है, जो किडनी में पथरी बनने की संभावना को बढ़ा सकता है।

**मटर :** अगर आप यूरिक एसिड के पेशेंट हैं, तो आपको सर्दियों के मौसम में भूलकर भी मटर का सेवन नहीं करना चाहिए। दरअसल, मटर में प्यूरिन की मात्रा अधिक होती है, जो यूरिक एसिड के स्तर को बढ़ा सकती है। इसका सेवन करने से जोड़ों में दर्द और सूजन भी बढ़ सकती है। ऐसे में, अगर आपका यूरिक एसिड हाई है, तो मटर का सेवन बिल्कुल न करें या कम मात्रा में ही करें।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको कोई सिर दर्द, बदन दर्द आदि से संबंधित समस्या थी, तो उसके भी दूर होने की संभावना है। आप अपने भाई व बहनों से यदि काम को लेकर कोई सलाह लेंगे।

### वृष
आज का दिन आपके लिए करियर के लिहाज से अच्छा रहने वाला है। आपको किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने का मौका मिलेगा, लेकिन आप अपने कीमती सामानों की सुरक्षा अवश्य करें।

### मिथुन
आज आप अपनी वाणी व व्यवहार पर संयम बनाए रखें, इसलिए अपने किसी परिवार के सदस्यों से कोई लेनदेन बिल्कुल ना करें, क्योंकि इससे आपके बेवजह के लड़ाई झगड़े बढ़ सकते हैं।

### कर्क
आज का दिन आपके रहन-सहन के स्तर में सुधार लेकर आएगा। परिवार में बुजुर्गों का आपको पूरा साथ मिलेगा। मन में तनाव बना रहेगा। विद्यार्थियों की पढ़ाई लिखाई को लेकर यदि कोई समस्या थी।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपके अंदर एक्स्ट्रा एनर्जी रहने से आपका मन काफी खुश रहेगा और आप ऊंचाइयों तक जाएंगे।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपके घर किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। जीवन साथी को नौकरी में कुछ समस्याएं बनी रहेगी, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएंगी।

### तुला
आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। पारिवारिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आपको अपनी आय और व्यय में तालमेल बनाकर चलना होगा, लेकिन फिर भी आपको किसी अजनबी से कोई लेनदेन करने से बचना होगा।

### वृश्चिक
आज आपको अपने कामों को थोड़ा धैर्य व संयम से निपटना होगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी। आपको बिजनेस में छुटपुट लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा।

### धनु
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आप अपनी जिम्मेदारियां बखूबी निभाएंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी, जो आपको सुकून देगी।

### मकर
आज का दिन आपके लिए किसी नए प्रोजेक्ट की शुरुआत करने के लिए रहेगा। आपका कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ेगा। आपको यदि कोई हड्डियों व कमर से संबंधित समस्या है, तो आप उसे दूर करें।

### कुंभ
आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आपकी किसी पुराने दोस्त से मुलाकात होगी और किसी बात को लेकर आपके मन में यदि संशय चल रहा है, तो आप उसे दूर करने की कोशिश करें।

### मीन
आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। कार्य क्षेत्र में आपके विचारों से आपके बॉस भी काफी खुश रहेंगे और आपकी दी गयी सलाह भी उनके खूब काम आएगी। आपको कोई बड़ी डील फाइनल करने का मौका मिलेगा।

## राजकीय महाविद्यालय जहाजपुर में महिला सशक्तिकरण पर विशेष कार्यक्रम



बढ़ता राजस्थान

जहाजपुर (मोहम्मद आज़ाद नेब)। राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. शिखा जगरवाल की अध्यक्षता में एनएसएस के एक दिवसीय शिविर के तहत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार और एनएसएस स्वयंसेवकों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। प्राचार्या डॉ. शिखा जगरवाल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने भारत की प्रथम महिला आईपीएस किरण बेदी और महिला क्रिकेट टीम की विश्व कप जीत का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत की महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आप भी पढ़-लिखकर समाज और देश के विकास में अपना योगदान दें। इसके पश्चात उर्दू विभाग के प्रोफेसर बनवारी लाल वर्मा ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से महिलाएं न केवल अपनी बल्कि अपने परिवार की पहचान भी उजागर कर सकती हैं। कार्यक्रम प्रभारी विष्णु कुमार सोनी ने स्वयंसेवकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई तथा भूगोल विभाग में सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर सुनीता देवी मीणा, गौरव चौधरी, लेब प्रभारी निरमा बेरवा सहित समस्त स्टाफ और स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में हॉस्टल संचालक जेल भेजा गया

बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** देवली उपखंड क्षेत्र के दूनी तहसील में एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म कि घटना घटित हुई थी। इस गंभीर आरोप के आरोपी हॉस्टल संचालक को न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार जेल भेज दिया गया । दूनी थाना पुलिस के अनुसार आरोपी हॉस्टल संचालक मुकेश गुर्जर बताया जा रहा है। जिसे दुनी पुलिस ने पूर्व मे गिरफ्तार कर लिया था। इस जघन्य अपराध की घटना के बाद यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा । इसी के बीच पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले की जाँच शुरू की थी। ऐसे में देवली डीवाईएसपी हेमराज ने शुक्रवार को घटनास्थल का मुआयना करते हुए हुए रिपोर्ट तैयार की और आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया जहां से न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आरोपी को जेल भेजने के आदेश जारी कर दिए। गौरतलब है कि हॉस्टल संचालक मुकेश गुर्जर पर एक 10 वर्षीय बच्ची के साथ हैवानियत एवं दुष्कर्म करने के आरोप में दूनी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया था। यह प्रकरण पिछले साल का बताया है। वहीं अभी हाल ही में नाबालिक बालिका की तबीयत खराब होने पर मामला उजागर होते हुए गत चार दिन पूर्व ही यह प्रकरण दर्ज हुआ है।

## दिनदहाड़े पटवारी का अपहरण, पुलिस-प्रशासन में मची अफरा-तफरी, 3 घंटे के अंदर छुड़ाया

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में मलारना डूंगर तहसील के दोनायचा हल्के के पटवारी नीरज शर्मा का गुरुवार को दिनदहाड़े दो आरोपियों ने अपहरण कर लिया। अपहरणकर्ता उन्हें जबरन बाइक पर बैठाकर सवाई माधोपुर ले गए और फिरौती की मांग करने लगे। पटवारी के अपहरण की सूचना कस्बे में आग की तरह फैल गई, जिससे पुलिस और प्रशासन में अफरा-तफरी मच गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी अनिल कुमार बेनीवाल के निर्देशन में मलारना डूंगर थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में मानटाउन और डीएसटी की तीन अलग-अलग टीमें गठित की गईं। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर अपहरणकर्ताओं की तलाश शुरू की और महज तीन घंटे के भीतर सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन के पास से दो आरोपियों को डिटेन कर लिया। आरोपियों के पास से ही पटवारी नीरज शर्मा को पुलिस ने मुक्त कराया।

थानाधिकारी जितेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि डिटेन किए गए आरोपी राजाराम मीणा निवासी दिवाड़ा और देवेंद्र उर्फ एमपी मीणा निवासी भूखा को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आरोपियों ने पटवारी से करीब 21 हजार रुपए की फिरौती ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से वसूल की थी। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ में जुटी है।

## राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण : जिला स्तरीय कार्यक्रम इन्दिरा मैदान में आज

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य में देशभक्ति, स्वदेशी एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करने के लिये विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसी श्रृंखला में 8 नवम्बर 2025 को जिला मुख्यालय सवाई माधोपुर पर प्रातः 10:30 कलेक्ट्रेट के सामने इन्दिरा मैदान में शहीदों के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर जिला स्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके बाद इन्दिरा मैदान से पुलिस लाईन होते हुए वंदे मातरम् बाइक रैली निकाली जाएगी। इस दौरान शाम को इन्दिरा मैदान में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## यादव अहीर समाज की बैठक 9 को

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** यादव अहीर समाज की आमसभा की बैठक 9 नवम्बर रविवार को प्रातः 11 बजे श्री कृष्ण यादव छात्रावास में जिलाध्यक्ष कजोड़मल यादव की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी। एडवोकेट कमलेश यादव ने बताया कि आमसभा की बैठक में समाज के अध्यक्ष के चुनाव सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (आनंद गौतम)।** विधान सभा क्षेत्र देवली उनियारा के प्रभारी अधिकारी अतिरिक्त जिला कलेक्टर बीसलपुर परियोजना भूपेंद्र यादव ने उपखंड अधिकारी उनियारा, तहसीलदार उनियारा एवं तहसीलदार अलीगढ़ के साथ स्ढ्रक्र कार्य की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। क्षेत्र भ्रमण के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर महोदय द्वारा खेलनिया ककोड़ नयागांव में गणना प्रपत्र वितरण के कार्य का निरीक्षण कर बूथ लेवल अधिकारी को निर्देश दिए गए कि प्रतिदिन कम से कम 100 गणना प्रपत्र का वितरण किया जाए तथा मतदाता को समझाये की गणना प्रपत्र को किस प्रकार भरा जाना है और क्यों जरूरी है अपने बीएलओ रजिस्टर को अपडेट रखें।

**सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयन्ति पर यूनिटी मार्च का आयोजन**

# पटेल के "एकीकृत भारत" के दृष्टिकोण को पीएम मोदी के "विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत" के मिशन से जोड़े-चौहान

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, माय भारत केंद्र टोंक के माध्यम से ''सरदार/150 यूनिटी मार्च'' का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटि नातनाम टोंक से हुआ।

कार्यक्रम का प्रारंभ सरदार वल्लभ भाई पटेल को पुष्प अर्पित कर किया गया, इसके पश्चात जिला युवा अधिकारी कुमार मधुकर ने भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान, जिला कलेक्टर श्रीमती कल्पना अग्रवाल एवं जिला प्रमुख सरोज बंसल को सम्मान प्रतीक भेंट किये। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने सरदार पटेल के जीवन दर्शन पर अपने उद्बोधन में कहा कि सरदार पटेल उनके ''एकीकृत भारत'' के दृष्टिकोण को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ''विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत'' के मिशन से जोड़ते हुए जनभागीदारी पर आधारित एक सशक्त राष्ट्रीय अभियान में भागीदारी का आह्वान किया । कार्यक्रम में वनस्थली विद्यापिठ टोंक की सांस्कृतिक टीमों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गयी, इसके पश्चात कार्यक्रम में नशा मुक्ति, आत्मनिर्भर भारत, गर्व से स्वदेशी के सपथ लिए गए। जिला स्तरीय



यूनिटी मार्च पदयात्रा को भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल एवं जिला प्रमुख सरोज बंसल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा रा.उ. मा. वि. कोठी नातमाम विद्यालय से प्रारम्भ होकर सवाईमाधोपुर चौराहा, बड़ा कुआ, नौशे मियां का पुल, काफला बाजार, पांच बत्ती, सुभाष बाजार, घंटा घर होते हुए पटेल सर्किल तक आयोजित की गयी।

कार्यक्रम के अंत में पटेल चौक पर सभी अतिथियों द्वार सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की मूर्ति पर भव्य पुष्पांजली की गयी। अंत में राष्ट्रीय एकता की सपथ एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी, राजेन्द्र सैनी उर्फ बबलू टैंकर, प्रधान काबरा, जिला मंत्री नीलिमा आमेरा, राधेश्याम चावला, जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र सिरोठा, सह कोषाध्यक्ष मोनिका जैन, प्रवक्ता रत्तीराम पहाडिया, विजय मालवानी, शम्भू शर्मा, मीडिया प्रभारी कमलेश यादव, सह प्रभारी हेमंत सैनी, आई टी संयोजक लोकेश गुप्ता, आरव सिसोदिया, बलवंत मराठा, मंडल अध्यक्ष भगवान सैनी, देवराज गुर्जर, चरण सिंह चौधरी, शिवराज गोरा, श्योराज जाट, राहुल गुर्जर, राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ. छोटेलाल मीना, वनस्थली विद्यापिठ एन. एस. एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रजनी चौहान, स्काउट गाइड सीओ आचू मीना सहित माय भारत केंद्र के लेखा एवं कार्यक्रम सहायक रोहिल कुमार कट्टा आदि मौजूद थे।

## पीएम सूर्य घर योजना को जन-जन तक पहुंचाएं - जिला कलेक्टर



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को आयोजित समीक्षा बैठक में पीएम सूर्य घर योजना सहित विद्युत विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ब्लॉक स्तर पर पीएम सूर्य घर सौर मेला आयोजित किए जाएं, ताकि अधिकाधिक आमजन तक योजना की सटीक जानकारी पहुँचे और पात्र उपभोक्ता इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि इन मेलों का कैलेंडर तैयार कर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, साथ ही योजना क्रियान्वयन एजेंसियों व स्थानीय बैंकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। कलक्टर ने 150 यूनिट निशुल्क बिजली योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने सौर पैनल लगाने की सहमति दी है, उनके घरों पर नवंबर माह के अंत तक सोलर पैनल लगाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने आने वाले सप्ताह में लगभग 36 हजार से अधिक पात्र उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी देकर सहमति प्राप्त करने का लक्ष्य प्रदान किया। बैठक में चौथ का बरवाड़ा को आदर्श सौर ऊर्जा ग्राम के रूप में चयनित होने पर जिला कलक्टर ने प्रशंसा व्यक्त करते हुए आदर्श सौर गांव के रूप में विकसित करने के लिए कार्य प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए। साथ ही नए कृषि कनेक्शनों के जारी करने हेतु लक्ष्यों का निर्धारण कर धरातल पर कार्य की प्रगति सुनिश्चित करने पर बल दिया। बैठक में अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग बीएल मीना, अधिशाषी अभियंता अशोक बुजेटिया सहित विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## ख़ौफ का पर्याय बना लेपर्ड आखिरकार फंस ही गया वन विभाग के जाल में

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** जिले के निवाई वन क्षेत्र के बस्सी गांव में पिछले कई दिनों से दहशत का माहौल बना हुआ था। ग्रामीणों के लिए भय का पर्याय बन चुका तेंदुआ आखिरकार वन विभाग के लगाए गए पिंजरे में फंस गया। बकरे को शिकार बनाने के चक्कर में तेंदुआ सुबह के समय जाल में जा फंसा। वन विभाग के मुताबिक पिछले एक माह से बस्सी गांव के पहाड़ों पर लेपड्र्स का एक कुनबा डेरा डाले हुए था।



ये तेंदुए अक्सर रात के समय गांवों में घुसकर बकरियों, कुत्तों एवं बछड़ों का शिकार कर रहे थे। लगातार बढ़ती घटनाओं से परेशान ग्रामीणों ने वन विभाग से कई बार शिकायत की थी। वन विभाग ने ग्रामीणों की शिकायत के बाद दस दिन से लगातार पिंजरे में बकरा रखकर तेंदुए को पकडऩे की कोशिश की। शुक्रवार सुबह यह प्रयास सफल हुआ, जब एक तेंदुआ पिंजरे में रखे बकरे को खाने आया तथा पिंजरे में बंद हो गया। जैसे ही तेंदुए के फंसने की खबर फैली, गांव में देखने वालों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों को काबू में रखने के लिए वनकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। सूचना मिलते ही निवाई रेंज के रेंजर धारीलाल बैरवा, रेंजर अभिषेक भटनागर एवं एसीएफ अनुराग महर्षि मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने पिंजरे में कैद तेंदुए को सुरक्षित निवाई रेंज कार्यालय पहुंचाया।

एसीएफ अनुराग महर्षि ने बताया कि निर्देशों के अनुसार तेंदुए को बीसलपुर कंजर्वेशन रिज़र्व या किसी अन्य सेंचुरी में छोड़ा जाएगा।

## अन्ता विधानसभा उपचुनाव को लेकर थामली पंचायत में घर घर जाकर किया जन संपर्क



बढ़ता राजस्थान

देवली (गोविंद सिंह सेठी)। देवली शहर निवासी कांग्रेसी नेता माया सुवालका को अंता विधानसभा के थामली पंचायत का प्रभारी बनाया। इस जिम्मेदारी पर महिला कांग्रेसी नेता माया सुवालका ने अंता विधानसभा के उपचुनाव में थामली ग्राम पंचायत के मतदाताओं से प्रमोद भाया के लिए जनसंपर्क किया। जानकारी के अनुसार अन्ता विधानसभा का उपचुनाव, 6 नवंबर को हुआ है। उपचुनाव मे माया सुवालका ने थामली ग्राम पंचायत पहुंचकर वहां प्रत्येक घर के एक-एक मतदाताओं से जन संपर्क किया और कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की । और प्रमोद भैया जैन को विजय बनाने का आग्रह किया । इस दौरान प्रभारी के रूप में माया सुवालका ने लोगों को भाया के द्वारा किए गए विकास कार्यो एवं जनहित में किए गए कार्यो के बारे में जानकारी दी। ऐसे में माया सुवालका ने बताया कि इस दौरान लोगों ने कांग्रेस के द्वारा किए गए कार्यो को याद भी किया ।

## राजस्थान ग्रामीण बैंक :उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रबंधक सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय सवाईमाधोपुर के अधीन गंगापुर सिटी और टोडाभीम खंड की 19 शाखाओं की व्यावसायिक समीक्षा बैठक गुरूवार को गंगापुर सिटी में क्षेत्रीय प्रमुख कमल कुमार सोनी की अध्यक्षता एवं प्रबंधक अग्रिम प्रतीक नामा की उपस्थित में आयोजित हुई।

व्यावसायिक समीक्षा बैठक में सभी शाखा प्रबंधकों को क्षेत्र के वर्तमान व्यवसाय की स्थिति से अवगत कराया गया। शाखाओं को ने केवल जमाओं तथा अग्रिमो में ऋणात्मक स्थिति से बाहर आने अपितु माह नवंबर 2025 के लिए प्रदत्त सभी क्षेत्रों में मासिक बजट





लक्ष्यों भी प्राप्त करने के लिए भी अभिप्रेरित किया गया।

शाखाओं के बढ़ते हुए एनपीए तथा निम्न एनपीए वसूली पर चर्चा कर एनपीए खातों में प्रभावी वसूली कार्रवाई करने के तहत वसूली वाद, एनआई एक्ट की धारा 138 के तहत वाद दायर करने के साथ साथ राजस्थान सरकार के द्वारा सभी जिला कलेक्टर को जारी पत्र के अनुसार रोड़ा प्रकरणों में नोटिस तामील करवाने, कुर्की आदि की कार्रवाई करवाकर प्रभावी वसूली कारवाही करने लिए कहा गया। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने पर शाखा गंगापुर सिटी के प्रबंधक चेतन शर्मा एवं शाखा टोडाभीम के प्रबंधक अविनाश गौतम, अग्रिम में अक्टूबर माह के लक्ष्य अर्जित कर उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रथम तीन स्तन पर रहे शाखा बाटोदा, टोडाभीम ,डेयरी चौराहा के प्रबंधको को क्षेत्रीय प्रबंधक सोनी द्वारा सम्मानित किया गया । धन्यवाद ज्ञापन शाखा मिर्जापुर के प्रबंधक योगेंद्र आर्य की ओर से किया गया।

**शिकायतकर्ता ने लगाया पर ही करवाया हमला**

# कलेक्टर के आदेश के बावजूद भी नहीं हटा अतिक्रमण

बढ़ता राजस्थान

**देवली/जहाजपुर (गोविंद सिंह सेठी)।** उल्लेखनीय है कि ग्राम लाल का खेड़ा, पंचायत बरोदा में सरकारी भूमि खसरा नंबर 491/56 पर चल रहे अतिक्रमण मामले में गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने इस भूमि पर हो रहे अतिक्रमण की शिकायत कलेक्टर से की थी।

कलेक्टर के सख्त आदेश के बाद प्रशासन मौके पर तो पहुंचा लेकिन कार्रवाई के दौरान शिकायतकर्ता को ही निशाना बना लिया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि प्रशासन के कुछ स्थानीय अधिकारी संबंधित पक्ष के साथ मिल गए है। और शिकायतकर्ता पर हमला करवा दिया गया है।, जिससे उसे चोटें पहुंची है। पीडि़त का कहना है कि हमले की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वहीं सरकारी जमीन पर बने पक्के मकान,



बोरवेल और तीन-फेज ट्रांसफार्मर को भी नहीं हटाया गया। इसके अलावा, तलाई साइड पर बनी चारदीवारी और फेंसिंग जस की तस बनी हुई है। पीडि़त पक्ष का आरोप है कि प्रशासन ने वास्तविक अतिक्रमण को हटाने की बजाय केवल लिपा-पोती कर दी गई है। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि संबंधित भूमि की सीमाएं निर्धारित कर वास्तविक स्थिति की कम्प्लायंस रिपोर्ट तैयार की जाए ताकि मामलात की सच्चाई सामने आ सके और न्याय मिल सके। वहीं तहसीलदार रवि कुमार मीणा का कहना है



कि कि प्रशासन अतिक्रमण हटाने मौके पर गया था। उक्त दौरान दो पक्षों में झगड़ा हो गया। झगड़ा करने वालों को शांति भंग में गिरफ्तार कर लिया गया है। तहसीलदार ने कहा कि उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार जिस खसरे का अतिक्रमण हटाने के आदेश जारी किए गए थे। उस खसरे से अतिक्रमण हटा दिया गया है।

## शहर की बावड़ियों की सफाई करने मे जुटा रोटरी क्लब दृष्टि, अब तक 27 हुई, जनवरी तक 101 बावड़ियों की सफाई का लक्ष्य

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** हर स्वंय सेवी संस्था या समाज सेवी क्लब शहर की जनता की भलाई के लिये विभिन्न तरह के सेवा करते रहते है। ऐसे में रोटरी क्लब दृष्टि ने शहर की बावड़ियों की सफाई कर उनका पानी पीने लायक बनानें का बीड़ा उठाया है। वर्ष 2025-26 के दौरान क्लब ने शहर की 101 बावड़ियों की सफाई का लक्ष्य निर्धारित किया है जिसमें से अब तक 27 बावड़ियों की सफाई कर उनका पानी पीने लायक बनाया जा चुका है।

क्लब संरक्षक डॉ.स्वीटी छाबड़ा ने बताया कि क्लब अध्यक्ष अध्यक्ष विक्रमादित्यसिंह कृष्णावत, सचिव मोहित राजानी, वैशाली मोटवानी सहित अनेक सदस्यों ने बावड़ियों की सफाई की बीड़ा उठाया है। उन्होंने आज मीरा नगर व चित्रकूट नगर के 4 मंदिरों व वहं की बावड़ियों की सफाई करा उनका पानी पीने लायक बनाया।

डॉ. छाबडा ने बताया कि शहर की जनता को पीने लायक स्वच्छ पानी मिलें। उसके लिये क्लब सदस्यों ने वर्ष उपर्यन्त शहर की सभी बावड़ियों की सफाई का लक्ष्य निर्धारित किया है। जनवरी तक क्लब 101 बावड़ियों की सफाई का लक्ष्य हासिल कर लेगा।

## वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण

### राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सवाई माधोपुर में हुआ भव्य समारोह

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** भारत के राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सवाई माधोपुर में एक भव्य स्मरणोत्सव समारोह का आयोजन हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार सोनी ने की।

समारोह के दौरान छात्रों ने देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियाँ दीं और वन्दे मातरम के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय महत्व पर अपने विचार साझा किए।

प्राचार्य मनोज कुमार सोनी ने अपने संबोधन में वन्दे मातरम की रचना, उसकी पृष्ठभूमि एवं भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वन्दे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि मातृभूमि के प्रति हमारी श्रद्धा, समर्पण और कर्तव्य की भावना का प्रतीक है। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी प्रिया मित्तल द्वारा किया गया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

इस अवसर पर डॉ. अरविन्द शर्मा, प्रवक्ता सौरभ कुमार मीना, सांस्कृतिक प्रभारी प्रिया मित्तल, संस्थान के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## प्रौद्योगिकी एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** प्रौद्योगिकी एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय, उदयपुर में आज राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं जयंती बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाई गई। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के डीन डॉ. राम हरि मीणा के मार्गदर्शन एवं सह-डीन (छात्र कल्याण) डॉ. विक्रमादित्य दवे के संयोजन में आयोजित किया गया। डॉ. दवे ने बताया कि इस अवसर पर लगभग 200 छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् के इतिहास और उसके राष्ट्रीय महत्व पर आधारित विस्तृत प्रस्तुति से हुई। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने मिलकर वंदे मातरम् का सामूहिक वाचन किया, जिससे पूरे परिसर में एकता और देशभक्ति का भाव व्याप्त हो गया। डॉ. राम हरि मीणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति समर्पण और मातृभूमि के प्रति प्रेम की भावना का प्रतीक है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे इस भावना को अपने जीवन और कर्म में उतारें।

## राजस्थान के 6 जिलों के 8 लाख किसानों को राहत

### सीएम भजनलाल ने फसल खराबे में अनुदान की दी मंजूरी



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस साल अतिवृष्टि से खराब हुई फसल के नुकसान के संबंध में निर्णय लेते हुए किसानों को अनुदान वितरण की मंजूरी दी है। सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के प्रभावित 6 जिलों के किसानों को फसल खराबे में एसडीआरएफ से कृषि अनुदान मिल सकेगा। इसके लिए सरकार ने 6 जिलों की 40 तहसील के 2 हजार 961 गांवों को अभावग्रस्त घोषित करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से अजमेर, अलवर, झुंझुनूं, कोटा, पाली और बांसवाड़ा जिले के आठ लाख से अधिक किसानों को राहत मिलेगी। पिछले कई दिनों से लगातार अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को राहत देने की मांग उठ रही थी। इसके बाद सरकार ने यह कदम उठाया हैं।

# टक्कर मार कर भागने का प्रयास और कार को खरोंच नहीं आई!

## आरोपी के साथ फोटो सेशन में जिला अधिकारी तक पहुंचे

### वाहवाही लूटने के चक्कर में महकमे ने शायद लम्बी फेंक दी

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( जीतेश रावल )।** आबकारी महकमे ने पंजाब निर्मित शराब ले जा रही एक कार पकड़ी है। तस्करी रोकना बड़ी उपलब्धि है, लेकिन इसे बड़ी उपलब्धि दर्शाने के चक्कर में मालूम होता है महकमे ने कुछ ज्यादा ही लम्बी फेंक दी। वाहवाही लूटने के चक्कर में पूरा किस्सा गढ़ दिया। अब आमतौर पर हथकढ़ शराब पकड़कर अपने टारगेट पूरे करने वाले आबकारी महकमे को शराब भरी कार हाथ लगेगी तब इतना तो बनता ही है। महकमे की ओर से जारी किए प्रेस नोट में बताया है कि कार को पकड़ने में जिले का पूरा जाब्ता लग गया। यह भी दर्शाया कि आबकारी के वाहन को टक्कर मारकर तस्कर भाग रहा था, जिसे घेरकर दबोच लिया गया। हो सकता है, लेकिन टक्कर मारकर भाग रहा था तो तस्कर का वाहन हल्का सा भी डैमेज कैसे नहीं हुआ। कार क्षतिग्रस्त होना दूर इस पर ऐसी खरोंच तक नहीं दिख रही। अब टक्कर किस तरह मारी यह महकमे के अधिकारी ही बता सकते हैं। वैसे आरोपी के साथ फोटो सेशन में जिला



सिरोही. रेवदर में आबकारी महकमे ने पकड़ी शराब व मामले में जब्त कार।

आबकारी अधिकारी भी रेवदर पहुंच गए। इस सम्बंध में जिला आबकारी अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन सम्पर्क नहीं हो पाया।

#### कार पकड़ने में लगा पूरे जिले का जाब्ता

जहां पुलिस की ओर से शराब भरा ट्रक पकड़ने में भी अक्सर एक ही थाने का जाब्ता होता है, लेकिन यहां ऐसा नहीं था। इस कार्रवाई में दो वृत्तों के निरीक्षक व एक थाने के प्रहराधिकारी को सम्मिलित होना पड़ा। एक तरह से पूरे जिले का जाब्ता तैनात हो गया। फिर प्रेस नोट जारी करते समय जिला आबकारी अधिकारी अजय जैन तक फोटो सेशन में पहुंच गए।

#### शायद इसलिए वाहवाही लूटने का प्रयास

आबकारी महकमे ने अन्य राज्यों से अनधिकृत रूप से आने वाली शराब व अवैध भंडारण एवं परिवहन आदि पर कार्रवाई के लिहाज से प्रदेशभर में 16 अक्टूबर से 16 नवम्बर तक विशेष निरोधात्मक अभियान चलाया है। माना जा रहा है कि इस अभियान में सिरोही जिले के सभी वृत्त व थानों की उपलब्धि दर्शाने की खातिर रेवदर की इस कार्रवाई में सभी को सम्मिलित कर दिया गया। वैसे आबकारी महकमे की ओर से सिरोही जिले में इस तरह की कार्रवाई कभी-कभार ही देखने को मिलती है।




#### भागने का प्रयास पर घेरकर पकड़ लिया

जिला आबकारी अधिकारी के अनुसार रेवदर में गुजरात सीमा से सटे पीथापुरा-मोरवाड़ा आम रास्ते पर दिल्ली पासिंग कार को रोकने का प्रयास किया। तब चालक ने विभाग के वाहन को टक्कर मारकर भागने का प्रयास किया, लेकिन आबकारी जाब्ते ने उसे घेरकर दबोच लिया। तलाशी लेने पर कार से पंजाब राज्य में बिक्री के लिए निर्मित बीयर कैन के 51 कर्टन, अंग्रेजी शराब की 71 बोतल व अन्य ब्रांड की 10 कर्टन में भरी 120 बोतलें बरामद की गई। वाहन चालक भिवानी (हरियाणा) निवासी नरेश पुत्र गजानंद जाट को गिरफ्तार कर लिया गया। जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में रेवदर वृत्त के निरीक्षक राकेश खत्री, सिरोही वृत्त निरीक्षक आशीष शर्मा, रेवदर आबकारी थाना प्रहराधिकारी देवाराम चौधरी ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

## जनहित में संवेदनशील प्रशासन ही सच्चा विकास - सांसद महिमा कुमारी मेवाड़

### दिशा समिति की बैठक में विकास योजनाओं की प्रगति पर हुई विस्तृत समीक्षा



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर( अनिल सिखवाल )।** राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिले के जनप्रतिनिधि, विधायक, जिला स्तरीय अधिकारी एवं विभागीय प्रमुख उपस्थित रहे। सांसद मेवाड़ ने कहा कि वोकल फॉर लोकल की भावना को सशक्त करते हुए राजीविका उत्पादों की मार्केटिंग को बढ़ावा दिया जाए तथा सोलर दीदी, नमो दीदी एवं लखपति दीदी मॉडल को ब्लॉक स्तर तक विस्तारित किया जाए। उन्होंने सभी विभागों को गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य सुनिश्चित करने और लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।कृषि क्षेत्र पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि किसान रासायनिक खेती छोड़ जैविक खेती की ओर अग्रसर हों। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सॉयल हेल्थ कार्ड, मृदा परीक्षण, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एवं ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार जैसे कार्यक्रमों को गति देने पर जोर दिया। मसूदा विधायक विरेन्द्र सिंह कानावत ने नरेगा कार्यों की समयबद्ध पूर्ति, शिकायतों की समीक्षा और योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर बल दिया।बैठक में केंद्र सरकार की 60 से अधिक योजनाओं जैसे ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण, पंचायत राज, पशुपालन, जल संसाधन, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, श्रम व रोजगार, खेल एवं सामाजिक न्याय से जुड़ी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने बताया कि बैठक में सभी योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा कर यह सुनिश्चित किया गया कि लाभार्थियों तक योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचे। अंत में सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने कहा — संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ काम करने वाला प्रशासन ही सच्चे विकास की पहचान है। बैठक में पुलिस अधीक्षक रतन सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्मलाल जाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र, एसीईओ गोपाललाल, तथा पंचायत समिति जवाजा, भीम, जेतारण के प्रतिनिधि सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही पर बीएलओ निलंबित

### निर्वाचन कार्य में शिथिलता पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने की सख्त कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कार्य में लापरवाही बरतने पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर काना राम ने बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) नरेन्द्र वर्मा, शारीरिक शिक्षक, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, धनोली को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बीएलओ नरेन्द्र वर्मा विधानसभा क्षेत्र सवाई माधोपुर के भाग संख्या 137 में कार्यरत थे। उन्होंने आयोग द्वारा निर्धारित समयावधि में मतदाता वर्गीकरण, 2002 की मतदाता सूची से मैपिंग एवं प्रोजेनी लिंकिंग संबंधी कार्य में लापरवाही बरती। इस पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजस्थान सिविल सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 13 के तहत निलंबन आदेश जारी किया।

निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी, सवाई माधोपुर रहेगा तथा उन्हें नियमानुसार निर्वाह भत्ता देय होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी और समयबद्ध रूप से संपादित की जानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्वाचन कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता या उदासीनता को गंभीरता से लिया जाएगा तथा दोषी कर्मियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## 'सहस्त्र औदिच्य समाज की परिवार परिचय निर्देशिका का औदीच्य दिवस पर विमोचन'

### सहस्त्र औदीच्य समाज द्वारा औदीच्य दिवस विविध आयोजनों के साथ मनाया

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** औदिच्य दिवस पर सहस्त्र औदीच्य समाज की कार्यकारिणी द्वारा शुक्रवार को विविध आयोजनों के साथ आरम्भ हुआ। समाज अध्यक्ष इन्दिरा शर्मा ने बताया कि प्रातः से ही शहर के चार अलग-अलग क्षेत्रों सेक्टर -14, सेक्टर -3, 4, छोटी ब्रह्मपुरी और सुंदरवास क्षेत्र के निवासियों ने एकत्रित होकर प्रभात फेरी निकाली जिसमें उन क्षेत्रों के निवासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। महासचिव राहुल व्यास ने बताया कि अपराह्न 3बजे समाज रूद्र मंडल द्वारा सेक्टर 14 स्थित देव चंद्रेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक किया गया तत्पश्चात शाम को समाज के नवनिर्मित



कमरों और रिनोवेटेड हाल का लोकार्पण किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समाज की बहु प्रतिक्षित मल्टीकलर नवीन परिवार परिचय निर्देशिका 2025 का विमोचन किया गया। पत्रिका का विमोचन कार्यकारिणी पदाधिकारियों के साथ समाज के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से किया गया, वहीं समाज के नवीन कमरों के निर्माण में आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले भामाशाहों अरुण प्रकाश व्यास, श्रीमती निर्मला दवे, रवि शंकर शर्मा और राजेंद्र वल्लभ शर्मा को स्मृति चिन्ह देखकर समाज अध्यक्ष और कार्यकारिणी द्वारा सम्मानित किया गया। इसलिए समाज अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा शर्मा ने समस्त कार्यकारिणी सदस्यों तथा महिला संगठन का ऊपरना ओढ़ा कर सम्मान किया। कार्यक्रम में महासचिव राहुल व्यास, उपाध्यक्ष दिलीप कुमार व्यास, दिनेश दामोदर दवे, गोपाल रावल, समाज गौरव शशि रंजन जानी, विनोद बिहारी याग्निक और कई गणमान्य सदस्य व कार्यकारिणी के जय प्रकाश शर्मा, लोकेश रावल, सुशील आचार्य, संजीव जानी, प्रमोद शंकर शर्मा, कैलाश शर्मा, अमूल दवे, सुनील दवे, मनीष दवे, भुवन रावल प्रतीक व्यास, संजीव शर्मा, सरोज औदीच्य, प्रमिला व्यास,आशीष जानी, नरेश कुमार दीक्षित उपस्थित रहे।

## हंस महाविद्यालय पावटा में 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** स्थानीय हंस महाविद्यालय में शुक्रवार को एनएसएस, एनसीसी एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन के साथ हुआ, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने देशभक्ति के भाव से ओत-प्रोत होकर भाग लिया। इस अवसर पर संस्थान के सहायक आचार्य एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र यादव ने राष्ट्रगीत के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि 'वंदे मातरम' की रचना 7 नवंबर 1875 को बंकिम चंद्र चटर्जी ने की थी। इसे पहली बार वर्ष 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा



गाया गया था। उन्होंने कहा कि यह गीत भारत की माटी, मातृत्व और मातृभूमि के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है। महाविद्यालय के निदेशक पंकज बंसल ने अपने संबोधन में कहा कि 'वंदे मातरम' ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशभक्तों के हृदय में जोश और ऊर्जा का संचार किया। यह गीत भारतीयों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है और आज भी राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बना हुआ है। प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि राष्ट्रगीत हमारे प्रत्येक राष्ट्रीय पर्व एवं उत्सव का अभिन्न अंग है, जो हर भारतीय के मन में देश के प्रति सम्मान और समर्पण की भावना जागृत करता है। एनसीसी एएनओ अमित सैनी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बंगाल विभाजन के समय 'वंदे मातरम' स्वदेशी आंदोलन की पहचान बन गया था और इसने जन-जन को अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध एकजुट होने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस, एनसीसी और रेड रिबन क्लब के कार्यक्रम अधिकारियों, स्वयंसेवकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत का गायन किया और भारत माता की जयघोष से परिसर गूंज उठा। यह आयोजन न केवल राष्ट्रगीत के गौरवशाली इतिहास को याद करने का अवसर बना, बल्कि विद्यार्थियों में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को भी प्रबल किया।

## सीजः मिलावट पर वार - स्वच्छता से समझौता नहीं

### 1320 किलो बेसन व नमकीन सीज, 100 किलो नष्ट



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर प्रथम।** शुद्ध आहार - मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त डॉ. टी. शुभ मंगला के निर्देश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत के नेतृत्व में बेनाड रोड स्थित ग्रीन पार्क क्षेत्र में संचालित मेसर्स राधे कृष्णा लघु उद्योग (नमकीन निर्माण इकाई) पर शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान इकाई में अत्यंत अस्वच्छ एवं अनहाइजेनिक परिस्थितियाँ पाई गईं। फर्श टूटा व दीवारें गंदी,उत्पादन क्षेत्र बिना कवर, कीट-पतंगों व पक्षियों के प्रवेश की संभावना, खाद्य हैंडलर्स का मेडिकल परीक्षण उपलब्ध नहीं, पानी की जांच रिपोर्ट भी नहीं प्रस्तुत,टीम ने मौके पर बिना निर्माण तिथि का 1320 किलोग्राम बेसन, मटर नमकीन एवं चावल पाउडर सीज किया। फर्श पर गंदगी में रखे लगभग 100 किलोग्राम नमकीन को नष्ट कराया गया। सामग्री के एक-एक नमूने स्नस्स् अधिनियम के तहत जांच हेतु लिए गए। गंभीर अनियमितताओं पर विभाग ने इम्प्रूवमेंट नोटिस जारी कर उत्पादन कार्य तत्काल प्रभाव से बंद करवाया। निर्धारित समय में सुधार नहीं करने पर खाद्य अनुज्ञा निलंबित करने की चेतावनी दी गई है। नमूनों की जांच रिपोर्ट के अनुसार आगे विधिक कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार शर्मा एवं नरेश कुमार चेजारा शामिल रहे।

## पुलिस ने तीन दिन बाद किया स्पष्ट, करोड़ों की सामग्री जब्त

### एनसीबी की जांच के बाद खुलासा, ड्रग्स बनाने की थी तैयारी




बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** रेवदर थाना क्षेत्र के दांतराई में केमिकल व सामग्री मिलने के मामले में पुलिस ने तीन दिन बाद अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए राज खोला है। यह केमिकल व निर्माण सामग्री के उपकरण नशे की फैक्ट्री संचालित करने को लाए गए थे। पुलिस ने एनसीबी की जांच के बाद यह जानकारी दी है। साथ ही बालोतरा (बाड़मेर) निवासी एक युवक को नामजद किया है। मौके से मिली करोड़ों रुपए मूल्य की सामग्री जब्त कर ली। पुलिस के अनुसार गत 4 नवम्बर को दांतराई के समीप कृषि कुएं पर दबिश देकर केमिकल व उपकरण जब्त किए गए थे। बाद में एनसीबी की जोधपुर व गांधीनगर से आई टीम ने जांच शुरू की। कृषि कुआं आमपुरा-रानीवाड़ा (जालोर) निवासी जोधाराम पुत्र कंवलाराम पुरोहित का है। उसने पायला खुर्द (सिणधरी-बालोतरा) निवासी भावेश उर्फ भूराराम पुत्र डालूराम जाट को यह ठेके पर दिया था।

#### ड्रग्स निर्माण में सहायक है केमिकल

**प्रारंभिक जांच में सामने आया कि भावेश उर्फ भूराराम इस जगह ड्रग्स की फैक्ट्री शुरू करने वाला था। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से यह मामला पकड़ में आ गया। एनसीबी की जांच में पुष्टि हुई है कि जब्त केमिकल व उपकरण एमडी ( ड्रग्स ) निर्माण में सहायक है।**

## श्री सीताराम जी मंदिर, कर्मजोहड़ा में प्रथम पाटोत्सवः तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों की धूम आज से

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** श्री सीताराम जी मंदिर, स्थान कर्मजोहड़ा में प्रथम पाटोत्सव अवसर पर 8 नवंबर से 10 नवंबर तक तीन दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की जानकारी भरतदास आश्रम बगीची टोरडा गुजरान मंदिर के महंत मंगलदास महाराज ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत 8 नवंबर को प्रातः 9ः15 बजे मंगल कलश यात्रा के साथ होगी, जो कुंडा धाम आंतेला से रवाना होकर श्री सीताराम जी मंदिर कर्मजोहड़ा, रामपुरा खुर्द, बजरंगपुरा (आंतेला) तक पहुंचेगी। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं श्रद्धालु भाग लेंगे।

## शासन प्रभाविका कंचन कंवर म.सा. आदि ठाणा ने जयकारों एवं भावपूर्ण माहौल में किया विहार



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के तत्वावधान में कपासन के अंबेश भवन में चातुर्मास करने वाली शासन प्रभाविका कंचन कंवर म.सा. आदि ठाणा ने शुक्रवार को गुरूणी मैया भूल न जाना, लौट के जल्दी वापस आना,त्रिशला नंदन वीर की जय बोलो महावीर की,वंदे विरम जय बोलो महावीर की आदि नारों की गूंज के साथ भावपूर्ण माहौल में विहार किया।ऐतिहासिक चातुर्मास को सआनंद पूर्णकर महासाध्वी कंचन कंवर म.सा.,साध्वी डॉ. सुलोचना एवं डॉ. सुलक्षणा म.सा. आदि ठाणा 3 प्रथम विहार कर आदर्श कालोनी स्थित तेरापंथ भवन पर पहुंचे तथा विहार में सैकड़ों श्रावक-श्राविका शामिल हुवे।

इस दौरान श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया,शंकरलाल लोढा,अनील बाघमार आदि पदाधिकारियों द्वारा गुरूणी मैया का चातुर्मास सफल बनाने के लिए सभी का आभार जताया गया।जिसमे इस चातुर्मास में तप,त्याग व धर्म साधना का ठाठ लगाने के लिए साध्वी मण्डल के प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर गुरूणी मैया से सदा आशीष बनाये रखने का भाव व्यक्त किया गया।

## गुरूणी कुमुदलताजी हमें भूल न जाना, लौट के वापस भीलवाड़ा जल्दी आना



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** चार माह पूर्व जिस महासाध्वी मण्डल का चातुर्मासिक प्रवेश उत्साह के साथ कराया गया था, वह मण्डल अब चातुर्मास पूर्ण कर विदा होने के लिए समक्ष आया तो वातावरण भावनाओं से भर गया। संयम जीवन बहते नीर के समान है, इसलिए विदाई तो होनी ही थी, लेकिन श्रावक-श्राविकाओं के लिए अपने प्रिय साध्वी मण्डल से विदा लेना कठिन हो गया। सभी के होंठों पर यही निवेदन था गुरूणी मैया, हमें भूल मत जाना, जल्दी लौटकर आशीर्वाद देना।

विदाई का यह भावुक दृश्य शुक्रवार सुबह सुभाषनगर स्थानक में देखने को मिला, जहां आध्यात्मिक चातुर्मास आयोजन समिति द्वारा सुभाषनगर श्रीसंघ के तत्वावधान में चातुर्मास सम्पन्न करने वाले श्रमण संघीय जैन दिवाकरीय मालव सिंहनी पूज्या श्री कमलावतीजी म.सा. की सुशिष्या अनुष्ठान आराधिका ज्योतिष चन्द्रिका महासाध्वी डॉ. कुमुदलताजी म.सा., स्वरसाम्राज्ञी महाप्रज्ञाजी म.सा., वास्तुशिल्पी पद्मकीर्तिजी म.सा., विद्याभिलाषी राजकीर्तिजी म.सा. आदि ठाणा का प्रथम विहार हुआ।

विहार की आज्ञा देने के लिए मुंबई से रेमेंड ग्रुप के चेयरमैन शांतिलाल पोखरना विशेष रूप से पहुंचे थे। उन्हीं की आज्ञा से चातुर्मास की शुरुआत सुभाषनगर स्थानक में हुई थी। प्रथम विहार से पूर्व साध्वी मण्डल ने प्रार्थना की और साध्वी कुमुदलताजी म.सा. ने मांगलिक प्रदान किया।

विहार मार्ग में भगवान महावीर स्वामी एवं जैन दिवाकर चौथमलजी म.सा. के जयकारों के साथ गुरूणी कुमुदलताजी भूल न जाना, लौट के जल्दी भीलवाड़ा आना जैसे नारे गूंजते रहे। महासाध्वी मण्डल को विदा करने के लिए सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएं उमड़ पड़ीं। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने हाथ जोडक़र साध्वी मण्डल का अभिनंदन किया।

साध्वी मण्डल आरसी व्यास कॉलोनी स्थित सुशीलकुमार सुनील संजय डांगी के निवास पर पहुंचे, जहां अनुष्ठान आराधना का आयोजन हुआ। प्रभु पार्श्वनाथ की भक्ति कर सर्वमंगल एवं सुख-शांति की कामना की गई। इस अवसर पर साध्वी कुमुदलताजी म.सा. ने मंगल संदेश देते हुए कहा कि भीलवाड़ावासियों की श्रद्धा, भक्ति और सेवा ने इस चातुर्मास को अविस्मरणीय बना दिया है। यहां की यादें सदा हमारे साथ रहेंगी। उन्होंने मुंबई से पधारे भामाशाह शांतिलाल पोखरना को समाज गौरव रत्न से अलंकृत करने की घोषणा की।

## “वंदे मातरम्‌150 अभियान” के तहत 8 से 15 नवम्बर तक आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़,(नि.स.)।** राष्ट्रीय गीत ‘‘वंदे मातरम’’ के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश भर में राज्य के साथ-साथ जिले, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर तक आगामी 8 नवम्बर 2025 से 15 नवंबर तक विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। कार्यक्रम में सभी सरकारी और गैर-सरकारी शिक्षण संस्थान, महाविद्यालय, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड, पुलिस एवं आरएसी के जवान, सामाजिक संगठन और आमजन की भागीदारी रहेगी। इस अवसर पर विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों, एनसीसी कैडेट्स, शिक्षकों व आम नागरिकों द्वारा देशभक्ति के माहौल में सामूहिक राष्ट्रगीत ‘वंदे मातरम’ गायन का ऐतिहासिक आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों की श्रृंखला में 8 नवंबर को प्रातः 7.30 बजे ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के राज्य मंत्री एवं झालावाड़ के प्रभारी मंत्री श्री ओटाराम देवासी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर भवानी पार्क से शहीद स्मारक तक वन्दे मातरम रन का आयोजन किया जाएगा। जिसका समापन एवं श्रद्धांजली कार्यक्रम शहीद स्मारक पर होगा। वहीं रन से पूर्व राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत के महत्व एवं इसके उद्देश्यों को प्रदर्शित करने हेतु भवानी पार्क में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के माध्यम से प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा जिसका प्रभारी मंत्री विधिवत फीता काटकर शुभारम्भ एवं अवलोकन करेंगे।

## प्रभात फेरी, दौड़, बाइक रैली और प्रदर्शनी से गूंजा वंदे मातरम् का जयघोष

# वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर जिलेभर में उमड़ी राष्ट्रभक्ति की भावना

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में शुक्रवार को जिलेभर में राष्ट्रभक्ति और जनसहभागिता से ओत-प्रोत कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। शहर का वातावरण दिनभर वंदे मातरम् के स्वर से गूंजता रहा। विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर देशभक्ति का परिचय दिया।



राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला प्रशासन और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के संयुक्त तत्वाधान में नगर निगम टाउनहॉल में जिला स्तरीय कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अशोक कोठारी और जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने किया। इस मौके पर मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना, सहाड़ा विधायक लादूलाल पितलिया, जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा, एडीएम सिटी प्रतिभा देवठिया, उपखंड अधिकारी अक्षत सिंह सहित अन्य अधिकारी, विद्यार्थी व आमजन उपस्थित रहे।

जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आजादी की लड़ाई, राष्ट्रभावना और स्वदेशी विचार की सबसे बड़ी प्रेरणा रहा है। यह गीत देश के इतिहास में बलिदान, त्याग और देशभक्ति का जीवंत प्रतीक है।

### प्रभात फेरी, दौड़ और बाइक रैली से गूंजा शहर

शुक्रवार सुबह 6 बजे जिला कलेक्ट्रेट से राजेन्द्र मार्ग विद्यालय तक प्रभात फेरी निकाली गई। विद्यार्थियों ने तिरंगा लहराते हुए राष्ट्रभक्ति के नारे लगाए। इसी के साथ कलेक्ट्रेट से पुलिस लाइन तक दौड़ और पुलिस लाइन से कंट्रोल रूम तक बाइक रैली आयोजित की गई, जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### शहीदों को श्रद्धांजलि और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

राजेन्द्र मार्ग विद्यालय में शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद नगर निगम टाउनहॉल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालयों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियां दीं। सेठ मुरलीधर मानसिंहका राबाउमावि, राउमावि राजेन्द्र मार्ग, राउमावि सुभाष नगर, राबाउमावि गुलमण्डी और राउमावि प्रताप नगर के छात्र-छात्राओं ने प्रभावशाली प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन सीमा गोयल, अक्षय जोशी और पंकज पंवार ने किया। कार्यक्रम के अंत में वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ समापन हुआ।

## पेंशनर समाज ने कपासन में किया दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** पेंशनर समाज द्वारा शुक्रवार को दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया।साथ ही आगामी 17 दिसंबर को पेंशनर दिवस एवं वार्षिक अधिवेशन आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

पेंशनर समाज कपासन के प्रवक्ता कमल कुमार दाधीच ने बताया कि नगर कपासन के मुख्य मार्ग स्थित पेंशनर भवन मे आयोजित दीपावली स्नेह मिलन समारोह का रामनारायण शर्मा की अध्यक्षता में वन्दे मातरम् गान के साथ हुआ।जिसमे वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर इस विषय पर वक्ताओं द्वारा प्रकाश डाला गया।साथ ही नवपेंशनर का सम्मान एवं भारतीय सेना मे कार्यरत स्थानीय निवासी माधवलाल माली नायक आर्टलरी रेजिमेंट का मेवाड़ी पगड़ी, उपरना एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया।



इस दौरान आगामी 17 दिसंबर को पेंशनर दिवस एवं पेंशनर्स का वार्षिक अधिवेशन 2026 जनवरी माह मे ग्राम भट्टों के बामनिया मे आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।इस मौके पर उपस्थित समस्त पेंशनर से आग्रह किया गया कि वे अपना जीवित प्रमाण पत्र 30 नवंबर तक उपकोष कार्यालय मे प्रस्तुत करें।इसके उपरांत राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

इस अवसर पर शंभुलाल भट्ट,रामचंद्र गौड़,खेमशंकर नंदवाना,सरस्वती बारेगामा,सोहन लाल उपाध्याय, ओमप्रकाश जयसवाल,भँवरलाल शर्मा,बादशाह सिंह, मूलचंद कुमावत,सोहनलाल सुखवाल,भेरूलाल तेली, मोहम्मद खान आदि पेंशनर उपस्थित रहे।कार्यकर्ता के अंत में सचिव नंदलाल बोहरा द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## श्री बाबा रामदेवजी मूर्ति स्थापना समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** समस्त वाल्मीकि समाज, निंबाहेड़ा द्वारा शुक्रवार को जावद दरवाजा स्थित परिसर में बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ श्री बाबा रामदेवजी की मूर्ति स्थापना समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर प्रातः वेदमंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ हुआ।



मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अशोक नवलखा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा नगर महामंत्री विरेश चपलोत, व्यापार प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक गजेंद्र नवलखा, भाजपा नगर मंडल उपाध्यक्ष पुष्कर सोनी, अशोक मालवीय ने उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने इस अवसर पर समाज के एकता, समरसता और सेवा भावना की सराहना करते हुए बाबा रामदेवजी से समाज की उन्नति एवं सुख-समृद्धि की कामना की।

आयोजन के तहत हवन एवं पूर्णाहुति कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें पूर्व विधायक अशोक नवलखा एवं वाल्मीकि समाज के प्रतिनिधियों ने पूर्णाहुति दी। इसके पश्चात श्रद्धा भाव के साथ श्री बाबा रामदेवजी की महाआरती संपन्न हुई, जिसमें समाजजन, महिलाएं एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों की ओर से अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। आयोजन को सफल बनाने में समाज के युवा एवं वरिष्ठ जनों ने सक्रिय भूमिका निभाई।आयोजकों की ओर से गणेश डागर, सम्पत लाल राठौड़, राधेश्याम राठौड़, सोनू दुलगच, सागर लौट, राजन गावरी एवं कुन्दन राठी सहित अन्य समाजजनों का विशेष सहयोग रहा। समापन पर उपस्थित श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया गया। यह आयोजन धार्मिक श्रद्धा, सामाजिक एकता और सामुदायिक सहभागिता का प्रतीक बन गया।

## आशापुरा के आशीर्वाद से शिक्षा को मिला नया आयाम,अध्ययन केंद्र (लाइब्रेरी) का लोकार्पण हुआ धूमधाम से

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** राष्ट्रगीत ‘वंदे मातरम्’ की 150वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर उदयपुर मार्ग स्थित आशापुरा माता मंदिर परिसर में बस्तीराम लक्ष्मीदेवी जन सेवा प्रतिष्ठान की ओर से माँ आशापुरा अध्ययन केंद्र (लाइब्रेरी) का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के केन्द्रीय मंत्री उमाशंकर शर्मा रहे, जबकि अध्यक्षता इंद्रमल खींचा ने की। अपने संबोधन में उमाशंकर शर्मा ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद 1981 से ब्यावर सेवा परियोजना के माध्यम से मगरा मेरवाड़ा क्षेत्र के सांस्कृतिक, सामाजिक, शैक्षणिक और धार्मिक उत्थान के लिए सतत कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि परियोजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है, और ब्यावर में संचालित छात्रावास में 130 विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसी श्रृंखला में आज प्रतियोगी विद्यार्थियों के लिए न्यूनतम शुल्क पर अधिकतम सुविधा युक्त अध्ययन केंद्र का शुभारंभ किया गया है, जो क्षेत्र के युवाओं के लिए वरदान साबित होगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खींचा ने कहा कि वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता गुणवत्ता युक्त और संस्कार आधारित शिक्षा है। आशापुरा अध्ययन केंद्र इस दिशा में एक सशक्त कदम है, जो शिक्षा को नई ऊँचाइयाँ देगा।



कार्यक्रम का संचालन सह परियोजना प्रमुख पृथ्वी सिंह भोजपुरा ने किया। इस अवसर पर परियोजना अध्यक्ष छोटू सिंह कानाखेड़ा, प्रमुख लक्ष्मीनारायण, विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष सुरेश वैष्णव, विद्या भारती संस्थान के जिला सचिव संजय शर्मा, प्राचार्य नवीन सैनी, बस्तीराम ट्रस्ट उपाध्यक्ष दौलतराज बुरड़, सचिव नितेश गोयल, सी ए बृजमोहन व्यास, रावत राजपूत परिषद प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत सिंह रावत, अभिमन्यु गहलोत, महेंद्र जैन, योगेश गौड़, सूरज प्रताप सिंह राजियावास सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## नन्ही सी उम्र, बड़ा कमाल, माही शर्मा बनी विजयनगर की अद्‍त बाल प्रतिभा

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** कहते हैं प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती उक्त कहावत को सच कर दिखाया है मात्र 5 वर्षीय माही शर्मा ने, जो महेश पब्लिक स्कूल, विजयनगर (बाड़ी ग्राम) की प्रथम क्लॉस की छात्रा हैं। अपनी अल्प आयु में माही ने ऐसा ज्ञान अर्जित किया है जो बड़े-बड़ों को भी चकित कर देता है । माही को दुनिया के लगभग 70 देशों की राजधानियाँ, प्रमुख नदियों के नाम, महत्वपूर्ण आविष्कारों और कई प्रसिद्ध पुस्तकों के नाम याद हैं। इतनी कम उम्र में उसकी स्मरण शक्ति और जिज्ञासा देखकर हर कोई दंग रह जाता है।माही के पिता मनीष शर्मा, जो इतिहास विषय के व्याख्याता हैं, बताते हैं कि माही को



पढ़ाई और नई चीजें सीखने का शौक स्वाभाविक रूप से है। घर पर जब भी किताबें या ग्लोब देखा जाता है, माही उनमें रुचि लेकर सीखने लगती है विद्यालय के शिक्षकों ने माही की प्रतिभा को असाधारण बताया और कहा कि इतनी कम उम्र में इतना व्यापक सामान्य ज्ञान उसके उज्जवल भविष्य की झलक है। नन्ही माही ने यह साबित कर दिया कि अगर जिज्ञासा और लगन हो, तो उम्र चाहे कितनी भी छोटी क्यों न हो सपनों की उड़ान असीम होती है।

**शराब सेवन तथा ओवरस्पीड मामलों में चालकों के ड्राइविंग लाइसेस निलम्बन के निर्देश**

# जिले में सडक़ दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सडक़ सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने को लेकर जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ ने ली बैठक

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़,(नि.स.)।** जिले में सडक़ दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सडक़ सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए जिले में 4 नवम्बर से 18 नवम्बर तक 15 दिवसीय सडक़ सुरक्षा अभियान को लेकर जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में शुक्रवार को समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, एडीएम अनुराग भार्गव, सीईओ शंभूदयाल मीणा सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ ने बैठक में सडक़ सुरक्षा अभियान को तहत विभागवार किए जाने वाले कार्यों को लेकर निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि अभियान के तहत पुलिस विभाग द्वारा शराब पीकर, तेज गति से, गलत दिशा में या खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वालो के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान शुरु किया जा रहा है तथा बिना रिफ्लेक्टर या नंबर प्लेट वाले वाहनों पर विधिक कार्रवाई प्रारंभ की गई है। सभी राजमार्गों और प्रमुख सडक़ों पर संबधित थाना एवं यातायात टीमें प्रभावी कार्रवाई के लिए तैनात कर दी गई हैं।

जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ ने जिला परिवहन अधिकारी समीर जैन को निर्देश दिए कि सडक़ सुरक्षा अभियान में परिवहन विभाग द्वारा ओवरलोडिंग, अनाधिकृत संचालन, फिटनेस उल्लंघन इत्यादि पर सख्त कार्रवाई करने के साथ ही, शराब सेवन तथा ओवरस्पीड मामलों में चालकों के ड्राइविंग लाइसेस निलम्बन की कार्यवाही की जाए। साथ ही विभाग द्वारा वाहन चेकिंग अभियान, रिफ्लेक्टर टेप लगवाने, सडक़ सुरक्षा कार्यशालाएँ एवं जन जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाने के निर्देश दिए।

### हटेंगे अवैध ढाबे और अनाधिकृत संरचनाएं

जिला कलक्टर ने अभियान में सार्वजनिक निर्माण विभाग, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सहित संबंधित एजेंसियों द्वारा सभी राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर अनाधिकृत कट 15 दिनों में बंद करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सभी सडक़ो पर व्हाइट लाइनिंग कार्य कराने, डिवाइडर अथवा मीडियन पर रेलिंग या सुरक्षा जाल लगाने, सडक़ किनारे झाडिय़ाँ हटाने तथा पटरी एवं गड्डों की मरम्मत का कार्य को लेकर निर्देशित किया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर अनुराग भार्गव, जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भुदयाल मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजीलाल मीणा सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीण उपस्थित रहे।

# पुलिस से मुठभेड़ में पैरों में गोली लगने के बाद 10 हजार का इनामी बदमाश जाहिद उर्फ बुल्टी मेव गिरफ्तार

## डी एस टी और खोह थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्यवाही कर किया गिरफ्तार, एक कट्टा 3 15 बोर और 10 जिंदा कारतूस किए जप्त

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** डीग जिले के खोह थाना क्षेत्र में शुक्रवार की तड़के 4 बजे जटेरी और हयातपुर के डी एस टी टीम और खोह थाना पुलिस के साथ मुठभेड़ में 10 हजार का इनामी बदमाश जाहिद उर्फ़ बुलटी पुत्र नसरू मेव निवासी गढ़ीमेवात थाना खोह जिला डीग जवाबी कार्यवाही में दोनों पैरो में पुलिस की गोली मार कर गिरफ्तार कर लिया ।



पुलिस ने उसे डीग के जिला अस्पताल में दाखिल कराया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए आरबीएम जिला हॉस्पिटल भरतपुर रैफर कर दिया गया है।

पुलिस ने उसके पास से एक कट्टा 315 बोर एवं 10 जिंदा कारतूस 315 बोर के और एक अपाचे मोटरसाइकिल विना नंबरी जप्त की है। खोह थाना प्रभारी महेंद्र शर्मा ने बताया है कि शुक्रवार की तड़के करीब 4 बजे बदमाशों की तलाश में एस आई वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में डी एस टी टीम और सी आई महेंद्र शर्मा के नेतृत्व में खोह थाना पुलिस की टीम गांव जटेरी और हयातपुर के बीच मोनी बाबा के आश्रम के पास पहुंची तो उन्हें वहां अपाची बाइक पर गढ़ी मेव निवासी शातिर बदमाश जाहिद उर्फ बुल्टी मेव दिखाई दिया जो पुलिस को देख भागने लगा और पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जिस पर पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों पैरों में घुटनों के नीचे पुलिस की गोलियां लगने बदमाश जाहिद घायल हो गया। थाना प्रभारी शर्मा के अनुसार जाहिद ने पुलिस पर अपने पास मौजूद अवैध 315 बोर कट्टे से 20 राउंड फायर किए । पुलिस की जवाबी कार्यवाही वाही में डी एस टी टीम और पुलिस ने 8 राउंड फायरिंग की जिसमें 2 गोलियां जाहिद के दोनों घुटनों के नीचे पैरों में लगी जिससे वह घायल हो गया।

पुलिस को मुठभेड़ के स्थान से गोलियों के 5 खाली खोखे मिले है।

### 10 हजार के इनामी बदमाश

जाहिद उर्फ बुल्टी के खिलाफ है राजस्थान और हरियाणा के 16 थानों में चोरी ,वाहन चोरी ,पशु चोरी ,डकैती, लूट, प्राण घातक हमले ,पुलिस पर हमले सहित अन्य अपराधों में 30 मुकदमे दर्ज है जिसमें जनूथर थाने में दर्ज भैंस चोरी के मुकदमे में उसकी गिरफ्तारी पर एस पी डीग द्वारा 10 हजार रूपये का इनाम घोषित है। फिलहाल घायल आरोपी जाहिद इलाज के लिए आरबीएम जिला हॉस्पिटल भरतपुर में भर्ती है। पुलिस की अपराधी यो की गिरफ्तारी को लेकर यूपी पुलिस की तरह राजस्थान में भी किए गए आपरेशन लंगड़ा को लेकर भय भय व्याप्त हो गया है।

# एसपी ने सरमथुरा, आंगई थाने का निरीक्षण किया

## बाजार में पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने गुरुवार देर शाम को सरमथुरा और आंगई पुलिस थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था की समीक्षा की और लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। एसपी ने सरमथुरा कस्बे के बाजार में पुलिस अधिकारियों व जवानों के साथ पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा भी दिलाया। निरीक्षण के दौरान, पुलिस अधीक्षक ने थानों के रिकॉर्ड का गहन अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण और त्वरित निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। एसपी ने थाना क्षेत्रों में अपराधों की रोकथाम और पीड़ितों को त्वरित न्याय सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। सरमथुरा बाजार में पैदल मार्च करते हुए, एसपी सांगवान ने स्थानीय निवासियों से सीधे बातचीत की। उन्होंने लोगों को पुलिस द्वारा प्रदान की जा रही सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया। इस अवसर पर वृताधिकारी वृत्त सरमथुरा नरेंद्र मीणा, थानाधिकारी सरमथुरा कृपाल सिंह और थानाधिकारी आंगई संतोष कुमार शर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे ।

# जिले में ठप्प पड़े औद्योगिक विकास को गति देने का किया आग्रह

## नरेन्द्र भारद्वाज ने किया मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** सिटीजन फाउण्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेन्द्र भारद्वाज ने भरतपुर जिले के निवासी राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र प्रेषित कर निकट भविष्य में बढती जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए सेवर से रेल्वे स्टेशन तक ओवर बिज बनाने के लिये निर्णय पर आभार व्यक्त करते हुए भरतपुर जिले के ठप्प पडे औद्योगिक विकास को गति देने का आग्रह किया है। क्योंकि विगत कई वर्षो से भरतपुर जिले को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शामिल करने से जिले के औद्योगिक विकास ठप्प होने से जिले में भंयकर बेरोजगारी व्याप्त होने से युवा वर्ग का भविष्य अंधकारमय हो गया है तथा युवा वर्ग में निराशा व्याप्त होने से नशा प्रवृत्ति, अपराध व आत्महत्या जैसी घटनायें हो रही है।

# पत्थर की दीवार ढही, चार दुकानदार घायल

## धौलपुर के शरद महोत्सव में दुकान लगाने आए थे, कलेक्टर-एसडीएम ने कराया रेस्क्यू



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित मेला ग्राउंड में मंगलवार सुबह एक हादसा हो गया। सुबह करीब 6.30 बजे मेला ग्राउंड और बिजली घर के बीच की एक पत्थर की दीवार अचानक ढह गई। दीवार के सहारे बैठे चार दुकानदार मलबे में दब गए, जिन्हें बाद में रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। हादसे की सूचना मिलते ही जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी, एसडीएम कर्मवीर सिंह और कोतवाली थाना प्रभारी हरि नारायण मीणा मौके पर पहुंचे। मलबे में दबे घायल दुकानदारों की पहचान कासिम (65, पुत्र हमीद, मेरठ), आस मोहम्मद (40, पुत्र यामीन, शामली), गुरनवास (30, मेरठ) और अब्दुल सलाम (60, पुत्र रहमतुल्ला, मेरठ) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें मलबे से निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने बताया कि मेला ग्राउंड में शरद महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। ये चारों व्यक्ति महोत्सव में दुकान लगाने के लिए आए थे। सिविल डिफेंस और स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें मलबे से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। सभी घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना के बाद जेसीबी की सहायता से जर्जर दीवार के बचे हुए हिस्से और मलबे को मौके से हटा दिया गया है। प्रशासनिक अधिकारी दीवार गिरने के कारणों की जांच कर रहे हैं।

# नवनीत सिंह टुटेजा का मनाया जन्मदिन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर में कांग्रेस प्रदेश सचिव नवनीत सिंह टुटेजा का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारे में अरदास कराकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। इस अवसर पर डीग जिले के प्रभारी अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस सरदार सतपाल सिंह व शहर सचिव ओम प्रकाश प्रजापति , शहर उपाध्यक्ष सेवादल अनीस उस्मानी, गुरदीप सिंह, कश्मीर सिंह मोहन सिंह दीपू सिंह फैजान कुरैशी शाहिद खान आदि मौजूद रहे। सरदार सतपाल सिंह के नेतृत्व में केक काटकर बच्चों को बाटा गया गया व गौशाला में गायों को हरा चारा डाला गया।

# परिवहन विभाग ने अवैध रूप से संचालित वाहनों के किए चालान, 2 वाहन किए जप्त

## सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत वाहन चालकों को समझाइश करते हुए सड़क सुरक्षा नियमों की दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** परिवहन विभाग ने 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों के संबंध में किया जागरूक करते हुए डीग जिले में अवैध रूप से संचालित 13 वाहनों के किये चालान कर 2 वाहन जप्त किए है। जिला परिवहन अधिकारी अभय मुदगल ने बताया है कि परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के शासन सचिव एवं परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार परिवहन विभाग द्वारा राज्य में घटित सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से प्रदेश में 4 नवंबर से 18 नवंबर तक 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें परिवहन विभाग द्वारा स्कूलों में



विद्यार्थियों और सड़क पर वाहन चालको को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। साथ ही परिवहन विभाग और पुलिस के संयुक्त निरीक्षण दलों द्वारा वाहनों का अनाधिकृत संचालन, फिटनेस उल्लघंन एवं नियम विरूद्ध संचालित यात्री वाहनों एवं भार वाहनों के विरूद्ध विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें परिवहन निरीक्षक कमल दुबे द्वारा डीग जिले में विशेष रूप से ओवरकाउड संचालित वाहनों के विरूद्ध सख्त प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है। दुबे ने ओवरलोड, ओवरकाउड एवं अनाधिकृत संचालित वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष कार्यवाही करते हुए कुल 13 वाहनों के चालान बनाए गये एवं दो वाहनों को जब्त किया गया । साथ ही दुबे द्वारा डीग शहर के अंतर्गत संचालित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सड़क सुरक्षा कार्यशाला एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों के संबंध में अवगत कराया जा रहा है। परिवहन निरीक्षक कमल दुबे और पुलिस द्वारा डीग जिले में वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए ओवरलोड वाहनों पर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है जिससे ओवरलोडिंग पर अंकुश लगने के साथ ही विभाग को राजस्व भी प्राप्त हो रहा है। परिवहन विभाग द्वारा दुर्घटनाएं रोकने के लिए जिले में संचालित ट्रैक्टर-ट्रोली एवं अन्य वाहनों पर रिफलेक्टर टेप लगाये जा रहे हैं।

# 350 लीटर दूध, 60 किलो मावा को कराया नष्ट

## व्यापारियों को दिये शुद्ध सामग्री बेचने के निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर टी शुभ मंगला के आदेश अनुसार एवं जिला कलेक्टर तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गौरव कपूर के निर्देशन में शादियों समारोह में दूध व दूध से बनी वस्तुएं एवं परचूनी के सामान व खाद्य तेल की उपयोग करने की अधिकता बढ़ जाती है को देखते हुए शुक्रवार को शहर भरतपुर में विकास मिल्क डेरी से पनीर का शिव डेरी से मावा, पनीर एवं क्रीम का नमूना लिया गया और इस दौरान उनके यहां लगभग 350 लीटर खट्टा बदबूदार दूध,मावा 60 किलो एवं 35 किलो क्रीम को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। बंसल बुरा उद्योग से रिफाइंड सोयाबीन कानमूना लेकर निरीक्षण की कार्रवाई की गई एवं मुख्य बाजार में जाकर सभी व्यापारियों को साफसुथरा एवं शुद्ध सामग्री बेचने के लिए सलाह व निर्देश दिए गए। इस कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश कुमार शर्मा व रूप सिंह एवं रोशन लाल यादव मौजूद रहे।

# लुधावई टोल प्लाजा पर आयोजित नेत्र जांच शिविर का किया निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** शुक्रवार से 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत रोड सेफ्टी सड़क दुर्घटना को रोकने हेतु जिले मे राष्ट्रीय राज्य राजमार्गो पर चलने वाले व्यावसायिक वाहन चालको की आंखों की जांच अभियान चलाया जा रहा है।

जिसमे लुधावई टोल प्लाजा पर नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ0 असित श्रीवास्तव उप मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी नोडल अधिकारी, अंधता भरतपुर द्वारा निरीक्षण किया गया।

डॉ0 असित श्रीवास्तव द्वारा बताया की टोल प्लाजा से निकलने वाले व्यावसायिक वाहन चालक एवं परिचालको की नेत्र जांच की जा रही है। शिविर में डॉ0 असित श्रीवास्तव ने सडक पर चलने वाले वाहन चालको को बताया की वाहन चलाते समय सावधानी बरते जैसे कि सीट बैल्ट लगाना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नही करे, ओवर लोड वाहन नही चलावे, अगर नजर कमजोर है तो अपनी आंखो की निरन्तर जाचं करावे व चश्मे का उपयोग करे एवं सावधानी से वाहन चलावे उक्त शिविर में डॉ0 अकांक्षा नेत्र चिकित्सक एवं नेत्र सहायक प्रिया कुमारी, प्रीतम सिंह, संतोष महावर ने भी वाहन चालको को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी।

साथ ही आगामी दिवस भी सभी राष्ट्रीय राजमार्गो के टोल प्लाजाओ पर चलने वाले व्यावसायिक वाहन चालको की आंखों की जांच अभियान चलाया जावेगा जिसमें वाहन चालक एवं परिचालको की नेत्र जांच की की जावेगी।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को 3 साल की जेल

## 5 हजार रुपए जुर्माना लगाया, पीड़िता को 1 लाख रुपए प्रतिकार देने का आदेश

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले के विशेष न्यायालय पॉक्सो कोर्ट ने नाबालिग से छेड़छाड़ और अश्लील हरकत के मामले में एक आरोपी को तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी पर पांच हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। विशेष लोक अभियोजक संतोष मिश्रा ने बताया कि 12 सितंबर 2022 को बाड़ी सदर पुलिस थाना में एक परिवादी ने शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। एक नाबालिग को भी निरुद्ध किया गया और पॉक्सो कोर्ट में चालान पेश किया गया।

आरोपी फिलहाल जमानत पर है, जबकि नाबालिग के खिलाफ मामला प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट के समक्ष विचाराधीन है। लोक अभियोजक मिश्रा ने कोर्ट में 11 गवाह पेश किए और दस्तावेजों को साबित कराया। न्यायाधीश राजकुमार ने दोनों पक्षों की बहस और लोक अभियोजक की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को आरोपी को दोषी करार दिया। कोर्ट ने उसे तीन साल के कठोर कारावास और पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। साथ ही, कोर्ट ने पीड़िता को एक लाख रुपए का प्रतिकार अदा करने का भी आदेश दिया है।

# कर्मचारियों के जन जागरण के लिए संघर्ष चेतना यात्रा पहुंची धौलपुर

## अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष महावीर शर्मा ने जिले के कर्मचारियों से किया संवाद




बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष महावीर शर्मा के नेतृत्व में संघर्ष चेतना रथ यात्रा धौलपुर पहुंची। चेतना रथ में आए विभिन्न संगठनों के प्रांतीय नेता महावीर शर्मा, पूनमचंद विश्नोई, शिवराज चौधरी, किशनलाल सारण, अशोक लोदवाल, महेंद्र तिवारी, बाबूलाल धाबाई, महेंद्र सिंह चौधरी, दीपक खींची, मोहनलाल मीणा का स्थानीय पंचायत समिति परिसर में महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण एवं साफा पहना कर स्वागत किया। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष महावीर शर्मा ने जिले के कर्मचारियों से संवाद करते हुए 11 सूत्रीय मांग पत्र की जानकारी देकर पुरानी पेंशन की सुरक्षा, पदोन्नति व वेतन पदोन्नति विसंगतियों को दूर करने, तृतीय श्रेणी शिक्षकों सहित सभी विभागों में नियमित स्थानांतरण डीपीसी किए जाने व सभी संविदा कर्मियों को नियमित करने आदि मांगों को लेकर 14 दिसंबर को संघर्ष चेतन महासम्मेलन तथा जनवरी माह में जयपुर में प्रस्तावित विशाल रैली में बड़ी संख्या में अपने हक और हुकूक के लिए शामिल होने का आग्रह किया। चेतना रथ में धौलपुर आए विभिन्न संघों के प्रांतीय नेता पूनमचंद विश्नोई ,मोहन लाल मीणा व अशोक लोदवाल ने कहा कि एएनएम, एलएचवी, पशुधन निरीक्षक, तृतीय श्रेणी शिक्षक व शारीरिक शिक्षक, नर्सिंग ऑफिसर, ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, कनिष्ठ नर्सिंग कंपाउंडर (आयुर्वेद), कांस्टेबल, सूचना सहायक, कृषि पर्यवेक्षक, वनरक्षक, संगणक, वर्क चार्ज कर्मचारी एवं सहायक कर्मचारी आदि संवर्गों के मात्र 10 से 20फीसदी पदोन्नति के ही पद है । जिससे इनकी प्रथम पदोन्नति भी 20 से 25 वर्ष में होती है तथा द्वितीय पदोन्नति तो बहुत ही कम कर्मचारियों की होती है। यह बहुत बड़ी पदोन्नति विसंगति है।

कर्मचारी नेता शिवराज चौधरी, किशनलाल सारण ने प्रत्येक संवर्ग के कर्मचारियों को पदोन्नति के पांच अवसर उपलब्ध हों इसके लिए महासंघ ने सरकार से कर्मचारियों को 7, 14, 21, 28 एवं 32 वर्ष की सेवा पर पदोन्नति पद का वेतनमान देने तथा समस्त विभागों के लिए पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू करते हुए सभी संविदा कर्मियों को नियमित करने की मांग रखी हैं । राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व प्रदेश महामंत्री एवं महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने तृतीय श्रेणी शिक्षकों के वर्षों से लंबित स्थानांतरण शुरू करने, आरजीएचएस योजना में की जा रही कटौतियों को बंद कर इलाज की पुख्ता व्यवस्था कराने की मांग की ।

# कोहरे के मौसम में सुरक्षित रेल संचालन हेतु संरक्षा सेमिनार आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जंक्शन पर परिचालन विभाग, आगरा द्वारा दिनांक 07 नवम्बर 2025 को संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया। यह सेमिनार मंडल रेल प्रबंधक आगरा गगन गोयल के मार्गदर्शन में तथा वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (समन्वय) आगरा कुलदीप मीना के निर्देशन में आयोजित हुआ। सेमिनार में सहायक परिचालन प्रबंधक




(कोचिंग) ऋषिकांत की विशेष उपस्थिति रही। सेमिनार का मुख्य विषय कोहरे के मौसम में सुरक्षित रेल संचालन एवं मिशन शून्य दुर्घटना रहा।

सेमिनार में कर्मचारियों को बताया गया कि कोहरे के मौसम में दृश्यता कम होने के कारण सिग्नल पहचान में कठिनाई, ब्रेकिंग दूरी बढ़ना तथा पथ अवरोधक की पहचान में देरी जैसी चुनौतियाँ सामने आती हैं। इन परिस्थितियों से निपटने के लिए रेलकर्मियों को अत्यधिक सतर्कता बरतने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, सिग्नलों की सही पहचान करने, फॉग सेफ्टी डिवाइस का नियमित उपयोग करने एवं संचार व्यवस्था मजबूत बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। सेमिनार के दौरान सिग्नलिंग प्रणाली, लोको पायलट एवं गार्ड के मध्य समन्वय, स्टेशन मास्टर की भूमिका, ट्रैक निरीक्षण तथा सुरक्षा मानकों के अनुपालन पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में परिचालन, सिग्नल, सुरक्षा, विद्युत, यांत्रिक, इंजीनियरिंग एवं वाणिज्य विभागों के कुल 72 कर्मचारियों ने भाग लिया तथा अपने अनुभव एवं सुझाव साझा किए। अधिकारियों ने कहा कि जागरूकता और टीम वर्क के माध्यम से ही आगामी शीतकालीन मौसम में मिशन शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

# 'फोन पर मिलेंगे स्वास्थ्य सन्देश' डिजिटल हेल्थ सेवा किलकारी के माध्यम से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में आयेगा सुधार

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भारत सरकार द्वारा संचालित किलकारी एवं मोबाइल अकादमी कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को आशा सहयोगिनियों का प्रशिक्षण किया गया। कार्यशाला में राज्य स्तर से आये प्रतिनिधियों स्वाति द्विवेदी द्वारा बताया गया कि किलकारी कार्यक्रम गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित निःशुल्क डिजिटल सेवा है, जिसमें भारत सरकार द्वारा 1600403660 नंबर से गर्भावस्था और नवजात बच्चे के स्वास्थ्य से जुड़ी जरूरी सलाह लाभार्थी को फोन काल के माध्यम से साप्ताहिक रूप से मिलती है। लाभार्थी अपने रजिस्टर मोबाइल नंबर से 14423 डायल करके भी किलकारी के संदेश सुन सकते हैं। कार्यशाला के दौरान आशा सहयोगिनी के लिए भारत सरकार द्वारा मोबाइल आधारित प्रशिक्षण कोर्स मोबाइल अकादमी की भी विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि आशा अपने मोबाइल फोन से टोल फ्री नंबर 14424 पर कॉल कर गर्भावस्था और नवजात बच्चे के स्वास्थ्य से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त कर सकती है। कार्यशाला के दौरान जिला कार्यक्रम समन्वयक आशा द्वारा बताया गया कि किलकारी सेवा के माध्यम से गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को समय से एवं सटीक स्वास्थ्य जानकारी उनके मोबाइल पर घर बैठे ही मिलती है।

# हमारी लीडर वसुंधरा जी हैं और रहेंगी

## जो दिख रहा था वह अब नहीं बिक रहा, भाजपा प्रत्याशी की जीत निश्चित




बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** अंता चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के चुनाव प्रचार में पहुँचे राजस्थान सरकार में पूर्व केबिनेट मंत्री रहे डॉ रोहिताश कुमार शर्मा ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। मैं यह दावा इसलिए कर रहा हूँ कि यहाँ कि जनता न्यायप्रिय और शान्तिप्रिय है जो झगड़ा -फसाद नहीं चाहती !मैं राजे का समर्थक हूँ और रहूँगा !इसके लिए मुझे किसी भी कठिन तपस्या से गुजरना पड़े !उन्होंने कहा कि पहले माहौल कुछ ओर था लेकिन राजे के आने के बाद माहौल बदल गया।वसुंधरा जी के कार्य मुँह चढक़र बोलते हैं बोलो मैंने तुम्हारे लिए क्या नहीं किया !जिसकी बदौलत वहाँ के नागरिकों ने किसी चरण छूकर तो किसी ने पुष्पवर्षा कर उनका अभिनन्दन किया। मैं दावे के साथ कह सकता हूँ कि अंता से वसुंधरा जी का उम्मीदवार ही चुनाव जीतेगा !मैं चिकित्सक रहा हूँ लोगों की नब्ज़ मुझे टटोलना आती है।

# पुरानी पेंशन योजना चालू रखने व 2005 के बाद नियुक्त कार्मिकों की एनपीएस कटौती का राशि दिलवाने के लिए सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** कार्मिकों की पुरानी पेंशन योजना बनायें रखने व 2005 के बाद नियुक्त कार्मिकों की एनपीएस कटौती का राशि कार्मिकों को दिलवाने के लिए शुक्रवार को शिक्षक संघ प्रगतिशील के जिला अध्यक्ष अजय विजय के नेतृत्व में जिला कलेक्टर कार्यालय में मुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। शिक्षक संघ प्रगतिशील के जिलाध्यक्ष अजय विजय ने बताया कि हाल ही में राज्य सरकार द्वारा पुरानी पेंशन योजना पर हमला करते हुए बोर्ड, निगम, विश्वविद्यालय, निकाय कर्मियों के लिए नई पेंशन योजना के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील इन आदेशों का विरोध करती है। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील ने राज्य सरकार से मांग की है कि इन आदेशों को वापस लिए जाएं तथा 2005 के बाद नियुक्त कार्मिकों की कटौती की गई एनपीएस की राशि उन्हें वापस लौटाई जाये। ज्ञापन में बताया कि यदि राजस्थान में एनपीएस योजना पुनः लागू की गई तो कर्मचारी हित में राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील कार्मिकों के साथ खड़ा होकर आंदोलन करेगा। इस दौरान राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के मुख्य महामंत्री हरिकिशन यादव, संरक्षक ताराचंद व्यास, जिला सभा अध्यक्ष अशोक मुखिजा, जिला मंत्री शक्ति सिंह यादव, उपाध्यक्ष महेश शर्मा, अविनाश यादव, महेश गौंड, संजय भाटिया, अंजू जैन, अंशु सेन सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# सड़क हादसों की रोकथाम को लेकर सरकार गंभीर : हसीजा



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा एवं एसपी ममता गुप्ता द्वारा सडक़ सुरक्षा पर विस्तृत बैठक ली गई जिसमें विभिन्न विभागों जैसे- परिवहन, पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, श्रम विभाग आदि के अधिकारी मौजूद रहे। जिला कलक्टर ने कहा कि सडक़ हादसों की रोकथाम राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि सडक़ सुरक्षा से संबंधित अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें और परस्पर समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सडक़ हादसों पर नियंत्रण के लिए क्विक रेस्पोंस, निगरानी, कार्रवाई और जन-जागरूकता सबसे प्रभावी साधन हैं।

### गृह विभाग के आदेशों की अनुपालना के निर्देश

जिला कलक्टर एवं एसपी ने गृह विभाग द्वारा जारी आदेशों की पूर्ण अनुपालना के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 03 नवम्बर 2025 को आयोजित राज्य स्तरीय बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में 15 दिवसीय सडक़ सुरक्षा अभियान 4 से 18 नवम्बर 2025 तक चलाया जा रहा है। इस अभियान के प्रमुख उद्देश्य हैं। सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाना, मृत्यु दर घटाना, यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना, सडक़ उपयोगकर्ताओं में जागरूकता बढ़ाना तथा सडक़ अधोसंरचना और आपातकालीन सहायता प्रणाली को सुदृढ़ बनाना। जिला कलक्टर एवं एसपी ने इस अभियान के सफल क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

### प्रभावी पर्यवेक्षण एवं कार्रवाई हो

जिला कलक्टर ने कहा कि जिलेभर में प्रवर्तन एवं पर्यवेक्षण को प्रभावी बनाया जाए। शराब पीकर, तेज गति से, गलत दिशा में या खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जाए। बिना नंबर प्लेट या रिफ्लेक्टर वाले वाहनों पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। राजमार्गों पर हाईवे मोबाइल यूनिट एवं एम्बुलेंस की सक्रियता की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। जिला परिवहन अधिकारी अभिजीत सिंह से समीक्षा करते हुए परिवहन विभाग को ओवरलोडिंग, अनाधिकृत संचालन, फिटनेस उल्लंघन और दोहराए गए ओवरस्पीड मामलों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। कहा कि शराब सेवन के मामलों में चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन अथवा निरस्तीकरण की कार्यवाही हो।

## राष्ट्रगीत के साथ एक गीत, एक भावना, एक भारत का हुआ उद्घोष

# 'वंदे मातरम 150' अभियान के जिला स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभक्ति के अभियान 'वंदे मातरम/150' के जिला स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन शुक्रवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम में हुआ, इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने राष्ट्रगीत की गौरव गाथा व महापुरुषों के योगदान को दर्शाने वाली प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कहा कि राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर को हम सभी देशप्रेम एवं देशभक्ति की भावना से उत्साह के साथ मना रहे है। उन्होंने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को एक कालजयी रचना बताते हुए कहा कि वंदे मातरम हमारी राष्ट्रीय चेतना एवं अखण्डता का प्रतीक है। उन्होंने उपस्थितजनों को आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी के संकल्प की शपथ दिलाई एवं वीरांगनाओं का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया।

**प्रदर्शनी में दर्शाया राष्ट्रगीत की पृष्ठभूमि एवं महापुरूषों के योगदान:** इंदिरा गांधी स्टेडियम में जिला प्रशासन एवं सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के द्वारा लगाई गई वंदे मातरम/150 प्रदर्शनी का उद्घाटन जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला व पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर चौधरी सहित जनप्रतिनिधिगणों ने फीता काटकर किया। प्रदर्शनी में राष्ट्रगीत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका और राष्ट्रीय एकता का संदेश एवं महापुरूषों का योगदान पर आधारित चित्र लगाए गए, जिसको आमजन एवं विद्यालयों के बालक-बालिकाओं ने उत्साह के साथ देखा। प्रदर्शनी में आए लोगों ने प्रदर्शनी को ऐतिहासिक एवं ज्ञानवर्धक बताया।

**शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया नमन, बाइक रैली के माध्यम से दिया देशभक्ति संदेश:** इससे पहले जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला व पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर चौधरी एवं जिला अध्यक्ष श्री अशोक गुप्ता ने कंपनी बाग स्थित शहीद स्मारक पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। साथ ही कम्पनी से इंदिरा गांधी स्टेडियम तक पुलिस विभाग द्वारा आयोजित बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में बडी संख्या में पुलिस विभाग के कार्मिकों ने भाग लेकर देशभक्ति व राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। बाइक रैली शहीद स्मारक से नंगली सर्किल, एसएमडी सर्किल, मोती डूंगरी होती हुई जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थल इंदिरा गांधी स्टेडियम में जाकर सम्पन्न हुई।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन

जिला स्तरीय कार्यक्रम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मन्नी का बड एवं ओसवाल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया तथा राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन से सभी में देशभक्ति की भावना का संचार हुआ। जिला कलक्टर ने आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी के संकल्प की शपथ दिलाई। शिक्षाविद् श्री दिनेश शर्मा द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम की पृष्ठभूमि पर तैयार किया गया ऑडियो का प्रसारण किया गया।

## पूर्व मंत्री ने जिला कलेक्टर को लिखी चिट्ठी

# फटा पोस्टर कानून के दायरे में मांग रहा जवाब-घोड़ापछाड़



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** बानसूर विधानसभा क्षेत्र की नगर पालिका क्षेत्र के पंचायत समिति बानसूर के क्षेत्राधिकार की जमीन पर लगे फटे पोस्टर ने क़ानूनी तरीके से जवाब माँगा है !हकीकत यह है कि पूर्व मंत्री डॉ रोहिताश कुमार शर्मा के समर्थकों ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे व पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ रोहिताश कुमार शर्मा का एक पोस्टर पंचायत समिति के क्षेत्राधिकार की जमीन पर लगा हुआ था !जिसमें वर्तमान प्रधानमंत्री,पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान मुख्यमंत्री के सन्देश यानी भ्रष्टाचार मुक्त देश व प्रदेश के लिए लगाया गया था। जिसमें जानकारी के लिए लिखा गया था कि यदि कोई राजकीय कर्मचारी आपसे रिश्वत की मांग करे तो हमारे टोल फ्री नम्बर पर तुरन्त संपर्क कर जानकारी दें। उस पोस्टर के लगने के बाद उसको नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा फाड़ा गया !जो कैसा कदम है यह हम नहीं कह सकते क्योंकि किसी अधिकारी के आदेशानुसार ऐसा कृत्य हुआ या कर्मचारियों ने ऐसा कृत्य किया !पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ रोहिताश कुमार शर्मा को घोड़ापछाड़ इसलिए कहते हैं कि वे अरबी घोड़ों की सवारी करना जानते हैं !यह हम नहीं कहते बल्कि सम्पूर्ण भारतवर्ष में इसकी चर्चा होती रहती है !पोस्टर फाडक़र कर्मचारियों ने अपने अधिकारी के आदेश की पालना की या अपनी द्वेषता के चलते ऐसा कृत्य किया कि पूर्व मंत्री को जिला कलेक्टर को चि_ी लिखनी पड़ी और जाँच अधिकारी बानसूर उपखण्ड अधिकारी को करनी पड़ रही है !वहीं बानसूर नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी विशाल यादव ने बताया कि जाँच अधिकारी ने जवाब माँगा है समय रहते लिखित जवाब दे दिया जाएगा। उधर जाँच अधिकारी स्थानीय उपखण्ड अधिकारी अनुराग हरित ने बताया कि सम्बंधित अधिकारी से लिखित में जवाब माँगा गया है जैसे ही जवाब आएगा आपको अवगत करा दिया जाएगा।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पलटी, एक की मौत, 2 गंभीर घायल जयपुर रैफर

बढ़ता राजस्थान

रैणी(अलवर)। दिल्ली-मुंबई सुपर एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार रात करीब ढाई बजे लक्ष्मणगढ़ के निकट चैनल नंबर 122 के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार बैलेंस बिगडऩे के कारण पलट गई, जिससे ड्राइवर कप्तान सिंह निवासी धमरेड राजगढ़ की मौत हो गई, वहीं दो गंभीर घायलों को जयपुर रेफर किया गया है। स्कॉर्पियों में कुल 5 लोग सवार थे। मृतक के शव को लक्ष्मणगढ़ सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजगढ़ निवासी जितेंद्र ने तीन दिन पहले ही नई स्कॉर्पियों खरीदी थी। जिसे मॉडिफाई कराने के लिए दिल्ली गए थे। दिल्ली से वापस लौटते समय लक्ष्मणगढ़ के पास चैनल नंबर 122 के पास तेज धमाके के साथ स्कॉर्पियो पलटती चली गई। रफ्तार इतनी तेज थी कि स्कॉर्पियो 7 बार पलटी खाकर चकनाचूर हो गई। जिसकी पूरी बॉडी मुरझा गई स्कॉर्पियो पलटने से घायल कुल चार लोग घायल हुए हैं। घायलों में मुकुट और शक्ति ने बताया कि धर्मेंद्र(26) पुत्र पप्पूराम जागा निवासी राजगढ़, जितेंद्र पुत्र पप्पूराम जागा वार्ड नंबर 6 निवासी राजगढ़, राकेश(21) पुत्र जगदीश निवासी राजगढ, डेनी(30) पुत्र पप्पूराम निवासी राजगढ़ घायल हुए हैं। मृतक कप्तान धमरेड़ राजगढ़ का निवासी था, जो कार बाजार में काम करता है।

# राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विद्यालयों में हुआ सामुहिक गायन

बढ़ता राजस्थान





राजगढ़(अलवर)। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को उपखंड सहित आसपास के क्षेत्र के राजकीय व निजी विद्यालयों में राष्ट्रव्यापी उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नीमला में राज्य सरकार के दिशा-निर्देश अनुसार एक समय में एक साथ वंदे मातरम् राष्ट्रीय गीत गायन में विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों व अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे वंदे मातरम् 150 स्मरणोत्सव के पहले चरण के तहत किया गया। विद्यालयों में 10.15 बजे एक साथ खड़े होकर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के उपप्रधानाचार्य दीनदयाल शर्मा ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रगीत एवं स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से नई पीढ़ी में देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव की भावना का संचार होगा। इस दौरान राधेश्याम शर्मा, दिनेश शर्मा, नरेन्द्र सिंह गुर्जर, केदार मीना, अनोप मीना, मोनिका विजय, सुनीता सैनी आदि उपस्थित रहे। वहीं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना के नेतृत्व में राष्ट्रीय गीत का सामुहिक गायन हुआ। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी युवराज शर्मा, कमल राम मीना, देशबंधु शर्मा, नंदकिशोर, उमराव कोली, प्रिति परेवा, महेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

# आत्मनिर्भर बेटियां समाज की धरोहर : ज्योति महात्मा

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** स्वामी विवेकानंद युवा मंडल एवं स्वच्छ केलवा हरित केलवा संस्था की ओर से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम राजकीय प्राथमिक विद्यालय धोली बावड़ी, कस्तूरबा गांधी विद्यालय एवं राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय केलवा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बाल विवाह, गुड टच-बैड टच और मासिक धर्म स्वच्छता जैसे संवेदनशील विषयों पर छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम संयोजक शिवानी वैष्णव ने कहा कि बेटियों को बचाने के लिए केवल घोषणाएं काफी नहीं हैं, इसके लिए समाज को जागरूक होना होगा। जब हर व्यक्ति बेटी की सुरक्षा और शिक्षा के प्रति सजग होगा, तभी देश का गौरव बढ़ेगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मी मेहता ने कहा कि आज बालिकाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, लेकिन वे अभी भी कई सामाजिक कुरीतियों की शिकार हैं। इन कुप्रथाओं को मिटाना समाज का दायित्व है। मुख्य वक्ता ज्योति महात्मा ने कहा कि आज भी हजारों बालिकाओं को जन्म से पहले ही गर्भ में समाप्त कर दिया जाता है। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए सामाजिक जागरूकता सबसे बड़ा हथियार है। हिंसा-मुक्त भारत के लिए राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान चलाना होगा। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नम्रता वंदना पालीवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ज्योति महात्मा, उपाध्यक्ष मीना रजक, संयोजक शिवानी वैष्णव, सह संयोजक हेमा एवं मनीषा पुरोहित सहित कई अध्यापिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## वंदे मातरम के 150 साल -वो गीत जिसने अंग्रेज़ी हुकूमत की नींद उड़ा दी, महिलाओ ने की मातृभूमि की वंदना

# महिलाओं-युवतियों ने राष्ट्रध्वज के साथ दिखाया गर्व, एकता व देशप्रेम का भाव

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का सफल संयोजन मेरा युवा भारत राजसमन्द, कॅरियर संस्थान राजसमन्द एवं कॅरियर महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओ और युवतियों ने भाग लेकर देशभक्ति का परिचय दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

इसके पश्चात सभी महिलाओ ने ने एक स्वर में वन्दे मातरम् का गान किया, जिससे वातावरण देशभक्ति की भावना से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रध्वज तिरंगे के साथ महिलाओं एवं युवतियों ने एकता और गर्व का संदेश दिया। सभी ने तिरंगे को सम्मानपूर्वक हाथों में थामकर भारत माता की जय और वन्दे मातरम् के उद्घोष लगाए। आयोजन में वक्ताओं ने वन्दे मातरम् गीत के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह गीत भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का आधार स्तंभ रहा है। बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित इस गीत ने आज़ादी के आंदोलन को नई दिशा दी और हर भारतीय के मन में स्वाभिमान व त्याग की भावना जगाई। कार्यक्रम में यूथ आइकॉन ऑफ़ राजस्थान भावना पालीवाल ने कहा कि वन्दे मातरम् केवल एक गीत नहीं बल्कि यह मातृभूमि के प्रति हमारे समर्पण, गौरव और एकता का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से देशहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम की भावना और सामाजिक जिम्मेदारी का बोध विकसित होता है। उन्होंने बताया कि संस्था समय-समय पर ऐसे सांस्कृतिक और प्रेरणादायक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति से जोडऩे का प्रयास करती है भारत माता की सच्ची सेवा तभी संभव है जब समाज की हर बेटी शिक्षित, आत्मनिर्भर और देशभक्त बने। उन्होंने कहा कि महिला शक्ति राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव है। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि वे राष्ट्र की एकता, अखंडता और सम्मान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर अरीना बानो, टीना टांक, धीरज कुमारी, दिव्या सुथार, गायत्री, गीतांजलि कंसारा, अन्नू कंसारा, मानसी चौहान, मीना कंवर, रेखा देवी, योशिता चुंडावत, विनीता शर्मा, विमला कुमारी, मोना मेवाडा , मेमत पुष्पा, नैना, दिव्या कंवर, वंदना, पूजा, मोनिका चौहान, सुमित्रा सालवी, वंदना सहित कई महिलाये और युवतिया मोजूद रही।

# प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे, काफिले पर जगह-जगह फूलों की वर्षा

वाराणसी, सात नवंबर (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार की शाम अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे।

शाम करीब पांच बजे प्रधानमंत्री का विशेष विमान लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे बाबतपुर पर उतरा, जहां प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य तथा जनपद के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना, आयुक्त एस. राजलिंगम, पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार सहित अन्य लोगों ने उनका स्वागत किया। एक बयान के अनुसार बरेका पहुंचने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भव्य



स्वागत किया।

प्रधानमंत्री सड़क मार्ग से बीएलडब्ल्यू स्थित गेस्ट हाउस के लिए रवाना हुए। उनका काफलिा बाबतपुर से हरहुआ होते हुए गलिट बाजार, जेपी मेहता, फुलवरिया फ्लाईओवर होते हुए बरेका पहुंचा। रास्ते में कई जगह स्थानीय लोगों सहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं और पदाधकिारियों ने उनका स्वागत कयिा। प्रधानमंत्री ने भी वाहन से हाथ हलिाकर लोगों का अभविादन कयिा।

मोदी के स्वागत में काशीवासियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने अपने सांसद का स्वागत 'मोदी-मोदी' और 'हर हर महादेव' के नारों से किया। जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और उनके काफिले पर पुष्पवर्षा की गयी।

हवाई अड्डे से बरेका जाते समय प्रधानमंत्री के काफिले पर जगह-जगह फूलों की वर्षा की गई। पूरा मार्ग केसरिया और तिरंगे रंगों की रोशनी से जगमगा उठा।

मोदी का शहर के संत अतुलानंद बाईपास, जेपी मेहता के पास, बरेका एफसीआई गोदाम, बरेका गेट के पास आदि अनेकों स्थानों पर स्वागत किया गया। जबकि बरेका पहुंचने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भव्य स्वागत किया।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और आम जनमानस ने उनका जगह-जगह भव्य स्वागत किया।

पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए बाबतपुर हवाई अड्डा के बाहर, संत अतुलानन्द बाई पास, जे पी मेहता के पास, बरेका एफसीआई गोदाम और बरेका गेट पर भाजपा प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का ढोल नगाड़ों और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। बयान के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी आठ नवंबर को वाराणसी से देश को चार नयी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सौगात देंगे। इनमें सबसे प्रमुख ट्रेन वाराणसी से खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस होगी, जो काशीवासियों और पूर्वांचल के लिए एक बेहतरीन सेवा मानी जा रही है। प्रधानमंत्री इन ट्रेनों को बनारस (पूर्व मंडुवाडीह) रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

# EU ट्रेड डील पर बातचीत सही दिशा में: गोयल

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि यूरोपियन यूनियन (EU) के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) पर बातचीत 'अच्छी रफ्तार से और सही दिशा में बढ़ रही है।' उन्होंने EU के कार्बन टैक्स से जुड़े कानून का मसला हल हो सकने का संकेत देते हुए कहा कि इस पर भारत ने मजबूती से विचार रखे हैं और दोनों पक्ष एक-दूसरे की संवेदनशीलता का ध्यान रखते परस्पर लाभकारी समझौता करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। गोयल ने इस हफ्ते ब्रसेल्स में EU के ट्रेड कमिश्नर और एग्जिक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट मारो सेफचोविच से बातचीत की थी। उन्होंने बताया, '20 में से 10 चैप्टर क्लोज हो चुके हैं। 3-4 पर सैद्धांतिक सहमति बन गई है। दूसरे कई पहलुओं पर भी दोनों पक्ष एकराय होने की ओर बढ़ रहे हैं। नवंबर में EU की टीम आएगी। बातचीत में काफी प्रगति होने की उम्मीद है।' EU का प्रतिनिधिमंडल बातचीत के 15वें दौर के लिए अगले हफ्ते आएगा। गोयल के दौरे में दोनों पक्षों ने तय किया कि स्टील और ऑटो जैसे क्षेत्रों में टैक्स छूट के अलावा EU के कार्बन टैक्स सहित कुछ नॉन-टैरिफ बाधाओं पर और चर्चा की जाएगी। EU का कार्बन टैक्स अगले साल 1 जनवरी से लागू होने वाला है।

# रूसी सेना में अभी 44 भारतीय, जल्द से जल्द छुड़ाने की कोशिश... भारतीय विदेश मंत्रालय ने क्या कुछ बताया

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रूस और यूक्रेन के बीच का युद्ध सिर्फ पश्चिम के देशों के लिए ही नहीं बल्कि भारत के लिए भी परेशानी का सबब बना हुआ है. एक तरफ रूस से तेल खरीद पर भारत अमेरिका के टैरिफ की मार झेल रहा है. दूसरी तरफ रूस में बेहतर जिंदगी की तलाश में गए लोगों की जिंदगी नरक बन चुकी है. काफी दिनों से ये खबरें आ रही है कि रूसी सेना भारतीयों को सेना में भर्ती कर युद्ध के मैदानों में झोंक दे रही है. जबकि ये मुद्दा पहले ही कई बार सुर्खियां बटोर चुका है. अब विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को पुष्टि की कि रूसी सेना में 44 भारतीय नागरिक सेवा दे रहे हैं और भारत सरकार ने इस मामले को रूसी अधिकारियों के सामने उठाया है।

विदेश मंत्रालय ने इन भारतीयों की शीघ्र रिहाई की मांग की है और इस तरह की भर्ती प्रक्रिया को तुरंत रोकने की अपील की है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि इस बारे में हमें जानकारी मिली है कि कई भारतीय नागरिकों को रूसी सेना में भर्ती किया गया है. हमने एक बार फिर इस बारे में रूसी अधिकारियों से संपर्क कर उन्हें जल्द से जल्द रिहा करने और इस प्रक्रिया को समाप्त करने की मांग की है. हमारे अनुसार, वर्तमान में 44 भारतीय रूसी सेना में सेवा दे रहे हैं. उन्होंने बताया कि भारत सरकार रूसी पक्ष और प्रभावित परिवारों दोनों के संपर्क में है और उन्हें लगातार अपडेट दे रही है.

हम एक बार फिर से इस अवसर पर सभी को यह बताना चाहते हैं कि रूसी सेना में सेवा करने के प्रस्तावों से दूर रहना चाहिए क्योंकि यह एक ऐसा प्रस्ताव है जो जीवन के लिए खतरे से भरा है और इसमें जान का जोखिम है. आपको बता दें कि भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ यह बयान ऐसे समय आया है जब कई परिवारों ने प्रदर्शन कर रूस में फंसे अपने परिजनों की सुरक्षित वापसी की मांग की थी. इन परिवारों का कहना है कि उनके रिश्तेदारों को रोजगार या पढ़ाई के नाम पर रूस भेजा गया, लेकिन बाद में उन्हें रूसी सेना में भर्ती कर लिया गया. कई लोगों से तो उनकी फैमिली का संपर्क तक नहीं हो पा रहा है।


# ग्रेटर नोएडा की रुकी आवासीय परियोजना की जांच, HC के रिटायर्ड जस्टिस को: सुप्रीम कोर्ट



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में रुकी आवासीय परियोजनाओं के कारण परेशान लोगों के लिए राहत भरी खबर है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा की एक लंबे समय से रुकी हुई आवासीय परियोजना की जांच के लिए एक सदस्यीय समिति के गठन का आदेश दिया है। इस समिति की अध्यक्षता इलाहाबाद हाई कोर्ट के पूर्व जस्टिस पंकज नकवी करेंगे। कमिटी परियोजना की पूरी जांच करेगी और इसे पूरा करने के लिए एक व्यावहारिक समाधान या रोडमैप प्रस्तुत करेगी। यह मामला गोल्फ कोर्स सहकारी आवास समिति (पूर्व में जेपी ग्रीन्स कर्मचारी सहकारी आवास समिति) और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण (GNIDA) के बीच चल रहे विवाद से जुड़ा है। इस विवाद के कारण लगभग दो दशकों से सैकड़ों घर खरीदार अपने फ्लैटों के कब्जे का इंतजार कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि घर खरीदारों ने अपनी मेहनत की कमाई गंवाने के अलावा भारी मानसिक कष्ट भी सहे हैं।

# चीनी नौसेना में शामिल हुआ फुजियान... वॉर टाइम में क्यों साबित हो सकता है बड़ा खतरा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन ने हाल ही में अपना तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर 'फुजियान' को अपनी नौसेना में शामिल कर लिया है. 6 नवंबर 2025 को हैनान प्रांत के सान्या शहर में एक भव्य समारोह हुआ, जिसमें राष्ट्रपति शी जिनपिंग खुद मौजूद थे. यह कैरियर चीन का सबसे बड़ा और आधुनिक है. लेकिन इसका भारत पर क्या असर पड़ेगा?

फुजियान को जून 2022 में लॉन्च किया गया था, जो फुजियान प्रांत के नाम पर रखा गया है. यह चीन का पहला कैरियर है जिसमें इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापल्ट सिस्टम (EMALS) लगा है. मतलब, विमान तेजी से उड़ान भर सकते हैं, बिना ज्यादा ईंधन खर्च के. इसका वजन 80,000 टन है और यह 50 से ज्यादा विमान ले जा सकता है।

पहले दो कैरियर – लियाओनिंग (2012 में शामिल, रूसी मूल) और शांडोंग (2019 में, चीन का पहला स्वदेशी) – STOBAR तकनीक वाले थे, जो छोटे हैं. चीन की नौसेना तेजी से बढ़ रही है. 10 सालों में तीन कैरियर बना लिए. अब चौथा कैरियर टाइप-004 पर काम चल रहा है, जो 1,10,000 टन का होगा. इसमें 70-100 विमान और हेलीकॉप्टर रखे जा सकेंगे. यह न्यूक्लियर पावर वाला पहला कैरियर होगा. चीन का लक्ष्य 2030 तक 460 जहाजों की नौसेना बनाना है. दुनिया में कुल 47 कैरियर हैं, जिनमें अमेरिका के पास सबसे ज्यादा 11 हैं. चीन अब संख्या में दुनिया की सबसे बड़ी नौसेना है, जिसमें 356 से ज्यादा जहाज, पनडुब्बी और अन्य वाहन हैं।

# आरबीआई के नियामक सुधारों से एसबीआई 100 अरब डॉलर की कंपनी बनी: संजय मल्होत्रा

बढ़ता राजस्थान




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक सतर्कता के साथ आगे बढ़ रहा है, लेकिन हाल ही में बैंकों की गतिविधियों को नियंत्रित करने वाले नियमों में ढील दी गई है। उन्होंने कहा कि आरबीआई के नियामक सुधारों के कारण एसबीआई 2018 में घाटे से उबरकर 100 अरब डॉलर की कंपनी बन गई है। हाल ही में बैंकों की गतिविधियों को नियंत्रित करने वाले नियमों में ढील दी गई संजय मल्होत्रा ने आर्थिक राजधानी मुंबई में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के बैंकिंग और इकोनॉमिक्स कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि नियामकों को ऋण और जमा विस्तार, बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता और लाभप्रदता के साथ-साथ परिसंपत्तियों और इक्विटी पर रिटर्न में वृद्धि को ध्यान में रखना होगा। उन्होंने आगे कहा कि हमें विनियमित संस्थाओं को प्रत्येक मामले के गुण-दोष के आधार पर निर्णय लेने की अनुमति देनी चाहिए। संजय मल्होत्रा ने कहा कि भारतीय बैंक आज एक दशक पहले की तुलना में कहीं अधिक परिपक्व हैं।

# राहुल का PM मोदी पर वोट चोरी का आरोप, जय शाह पर भी कसा तंज

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांका और भागलपुर की जनसभाओं में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा में BJP ने संगठित तरीके से वोट चोरी की है, जहां एक वोटर की फोटो 100 बार आई, एक घर में 500 फर्जी वोटर रजिस्टर हैं और यहां तक कि ब्राजील की महिला की तस्वीर वोटर लिस्ट में लगी है।

राहुल ने अडानी-अंबानी को मिली सुविधाओं पर निशाना साधते हुए कहा, अमित शाह के बेटे को क्रिकेट नहीं खेलना आता, फिर भी वो क्रिकेट बोर्ड के चीफ हैं। क्योंकि सत्ता अब योग्यता से नहीं, पहुंच से तय होती है। राहुल गांधी ने बिहार की जनता से वोट चोरी रोककर लोकतंत्र की रक्षा करने की अपील की। राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी नेताओं ने हरियाणा और दिल्ली दोनों जगह वोट डाला, जबकि कांग्रेस समर्थकों के नाम लिस्ट से गायब किए गए। उन्होंने दावा किया कि यही वोट चोरी मॉडल अब बिहार में लागू करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन बिहार की जनता बूथों पर खड़ी होकर इसे रोक देगी।

उन्होंने अमित शाह के बिहार में उद्योग के लिए जमीन नहीं वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि अडानी को एक रुपए में जमीन दे दी जाती है लेकिन किसानों और युवाओं के लिए जमीन नहीं है। राहुल ने कहा कि बीजेपी सरकार अमीरों के लिए काम कर रही है, जबकि किसानों, मजदूरों, बुनकरों और मखाना उत्पादकों को न तो लोन मिलता है, न कर्ज माफी।

## 'पायलट को दोषी नहीं ठहराया जा सकता', पिता से सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अपने ऊपर बोझ न लें



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए पायलट के पिता से कहा कि उनके बेटे को इस दुर्घटना के लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता। अदालत ने शुक्रवार को 91 वर्षीय पिता से कहा कि उन्हें इसका बोझ अपने ऊपर नहीं रखना चाहिए। उनके बेटे सुमित सभरवाल बोइंग 787 ड्रीमलाइनर के पायलट-इन-कमांड थे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने उनकी याचिका पर केंद्र और नागर विमानन महानिदेशालय (DGCA) को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा, ''आपको अपने ऊपर बोझ नहीं रखना चाहिए। विमान दुर्घटना के लिए पायलट को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। यह एक दुर्घटना थी। प्रारंभिक रिपोर्ट में भी उनके खिलाफ कोई आरोप नहीं लगाया गया है।''

## वायुसेना की बढ़ेगी ताकत

# तेजस लड़ाकू विमानों के लिए 113 जेट इंजन खरीदेगा HAL, जीई एयरोस्पेस के साथ हुआ समझौत

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने अमेरिकी रक्षा कंपनी जीई एयरोस्पेस के साथ अपने तेजस हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) कार्यक्रम के लिए 113 जेट इंजनों की खरीद का बड़ा करार किया है।यह समझौता भारतीय उत्पादों के आयात पर अमेरिका में 50 प्रतिशत सीमा शुल्क लगाए जाने से दोनों देशों के संबंधों में आए तनाव के बीच हुआ है। इस करार के तहत एचएएल अपने स्वदेशी तेजस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) कार्यक्रम के लिए 97 विमानों में लगाए जाने वाले 113 जेट इंजनों की खरीद करेगा।

अधिकारियों के अनुसार, एफ404-जीई-आईएन20 इंजन की आपूर्ति वर्ष 2027 से शुरू होगी और 2032 तक पूरी की जाएगी। इस सौदे के साथ भारत की स्वदेशी रक्षा उत्पादन क्षमता को एक और मजबूती मिलेगी। एचएएल ने बताया कि यह समझौता जनरल इलेक्ट्रिक कंपनी (जीई) के साथ इंजन और सपोर्ट पैकेज की खरीद के लिए किया गया है, जो तेजस एलसीए मार्क-1ए कार्यक्रम के निष्पादन में अहम भूमिका निभाएगा। इससे पहले, रक्षा मंत्रालय ने सितंबर में 62,370 करोड़ रुपये के सौदे पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत भारतीय वायुसेना के लिए 97 तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान खरीदे जाएंगे। इन विमानों के इंजन अब जीई एयरोस्पेस से प्राप्त किए जाएंगे। एचएएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस समझौते के बाद उत्पादन लाइन को तेज करने की तैयारी की जा रही है ताकि वायुसेना को निर्धारित समय सीमा में विमान सौंपे जा सकें। उन्होंने कहा, तेजस एमके-1ए भारत की रक्षा तैयारियों का अहम हिस्सा है। यह विमान अत्याधुनिक एवियोनिक्स और हथियार प्रणालियों से लैस है, जो इसे किसी भी आधुनिक वायुसेना के बराबर खड़ा करता है। इस सौदे के पूरा होने के साथ भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि आने वाले वर्षों में वह रक्षा उपकरणों के क्षेत्र में आयातक से निर्यातक देश बनने की दिशा में तेज गति से बढ़ रहा है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार